कोटद्वार,गुरूवार
23 मई 2024
वर्षः 46
अंकः 32 पृष्ठः 8
मूल्यः 2.00
RNI No.UTTHIN/2005/16338

जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

एक नजर

सीएम ने दी बुद्ध पूर्णिमा की शुभकामनाएं

जयन्त प्रतिनिधि।

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर सभी प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। बुद्ध पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर जारी अपने शुभकामना संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि महात्मा बुद्ध का अहिंसा, करुणा और मैत्री का संदेश सम्पूर्ण मानवता के लिए अमूल्य निधि है। मुख्यमंत्री ने कहा कि महात्मा बुद्ध की शिक्षा हम सभी को जीवन में धर्म का आचरण करने, नैतिक मूल्यों और अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित करती है। महात्मा बुद्ध ने विश्व कल्याण के लिए मैत्री भावना तथा बिना किसी भेदभाव के संगठित रहने पर बल दिया। मानव मात्र के लिए उनके संदेश सदैव ही प्रासंगिक बने रहेंगे।

राहुल गांधी ने फिर कहा– सत्ता में आने पर अग्निवीर योजना बंद करेंगे

चंडीगढ़ , कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को हरियाणा के महेंद्रगढ़ में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि यदि कांग्रेस सत्ता में आई तो अग्निवीर योजना को पूरी तरह से रद्द कर दिया जाएगा। राहुल गांधी ने कहा कि पीएम मोदी ने भारत के जवानों को मजदूरों की तरह बना दिया है। सेना अग्निवीर योजना नहीं चाहती है। यह पीएमओ द्वारा बनाई गई योजना है। एक बार कांग्रेस सत्ता में आएगी तो हम इस योजना को पूरी तरह से रद्द कर देंगे।उन्होंने कहा, भाजपा का कहना है कि शहीद दो तरह के होंगे (एक सामान्य जवान और अधिकारी) जिन्हें पेंशन, शहीद का दर्जा और सभी सुविधाएं मिलेंगी। दूसरी तरफ गरीब परिवार का व्यक्ति जिसे अग्निवीर नाम दिया गया है। अग्निवीरों को न शहीद का दर्जा मिलेगा, न पेंशन, न कैंटीन की सुविधा।राहुल गांधी ने कहा कि हरियाणा का युवा सेना में चयनित होने पर गर्व महसूस करता है।इसके अलावा राहुल गांधी ने प्रदर्शनकारी किसानों को लेकर भी बयान दिया।उन्होंने कहा कि हरियाणा के किसान दिन भर खेतों में काम करते हैं। मोदी सरकार ने आपके अधिकार छीन लिए और अरबपतियों की मदद के लिए भूमि न्यायाधिकरण विधेयक को खत्म कर दिया। फिर तीन कृषि कानून आए, लेकिन सरकार को पीछे हटना पड़ा।राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर 22 अरबपतियों का 16 लाख करोड़ रुपये का कर्ज माफ करने का आरोप लगाया।उन्होंने आगे कहा कि चार जून को जब हम सत्ता में आएंगे तो किसानों का कर्ज माफ कर देंगे। जहां तक कृषि ऋण माफी का सवाल है, हम 'कर्ज माफी' आयोग लाएंगे।बता दें कि हरियाणा की दस लोकसभा सीटों पर 25 मई को मतदान होना है।

सातवें चरण में 57 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे 904 उम्मीदवार

नई दिल्ली ,लोकसभा चुनाव 2024 के सातवें चरण में 8 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों से 904 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। सातवें चरण के लिए 1 जून को मतदान होना है। गौरतलब है कि 1 जून को होने वाले मतदान का यह सातवां चरण इस लोकसभा चुनाव की वोटिंग का अंतिम चरण है। इसके बाद 4 जून को वोटों की गिनती प्रारंभ होगी।

सातवें चरण की जानकारी देते हुए चुनाव आयोग ने बुधवार को बताया कि लोकसभा चुनाव 2024 के सातवें चरण में 57 संसदीय क्षेत्रों के लिए कुल 2105 नामांकन पत्र दाखिल किए गए। सभी 8 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के लिए चरण 7 के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 14 मई, 2024 थी। दाखिल किए गए सभी नामांकनों की जांच के बाद 954 नामांकन वैध पाए गए। नाम वापसी के बाद अंतिम रूप से चुनावी मैदान में 904 उम्मीदवार शेष बचे हैं।

चुनाव आयोग ने बताया कि चरण 7 में पंजाब में 13 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों से अधिकतम 598 नामांकन फॉर्म थे। इसके बाद उत्तर प्रदेश में 13 संसदीय क्षेत्रों से 495 नामांकन थे। बिहार के जहानाबाद संसदीय क्षेत्र से सर्वाधिक 73 नामांकन पत्र प्राप्त हुए। इसके बाद दूसरे नंबर पर पंजाब के लुधियाना संसदीय क्षेत्र से 70 नामांकन पत्र प्राप्त हुए।

चुनाव आयोग के मुताबिक 7वें चरण के लिए एक संसदीय क्षेत्र में चुनाव लडने वाले उम्मीदवारों की औसत संख्या 16 है। सातवें एवं आखिरी चरण में बिहार की 8 सीटों पर लोकसभा चुनाव होना है।

ममता सरकार को बड़ा झटका

कलकत्ता हाई कोर्ट ने रद्द किए 2010 के बाद जारी 5 लाख में ओवीसी सर्टिफिकेट

कोलकाता । कलकत्ता हाई कोर्ट ने पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार को बड़ा झटका दिया है। उसके कार्यकाल में जारी करीब पांच लाख ओबीसी सर्टिफिकेट को रद्द कर दिया है। माना जा रहा है कि इस संख्या में एक बड़ा हिस्सा मुस्लिम समुदाय का भी है। बुधवार को जस्टिस तपोब्रत चक्रवर्ती और जस्टिस राजशेखर मंथर की खंडपीठ ने कहा कि 2011 से किसी मानक नियम का पालन किए बिना ही राज्य में ओबीसी सर्टिफिकेट जारी किए जा रहे हैं। पीठ ने टिप्पणी की कि इस तरह ओबीसी प्रमाण पत्र जारी करना असंवैधानिक है। कोर्ट ने कहा कि ये प्रमाण पत्र पिछड़ा वर्ग आयोग की सलाह माने बिना जारी किए गए हैं, इसलिए उन सभी प्रमाण पत्रों को रद्द किया जाता है। हालांकि, कोर्ट ने कहा कि इस कालखंड के दौरान जारी सर्टिफिकेट के आधार पर नौकरी पाने वालों की नौकरी बरकरार रहेगी। मई 2011 में पश्चिम बंगाल की सत्ता संभालने के बाद से ही मुख्यमंत्री ममता बनर्जी यह दावा करती रही हैं कि उनकी सरकार ने लगभग सभी मुसलमानों को ओबीसी की श्रेणी में ला दिया है और मुस्लिम समुदाय की बड़ी आबादी इस आरक्षण का लाभ उठा रही है। लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान भी उन्होंने बार–बार इसे दोहराया है लेकिन अब कलकत्ता हाई कोर्ट ने कहा है कि ममता बनर्जी सरकार ने 2011 के बाद से जिस प्रक्रिया के तहत ओबीसी सर्टिफिकेट जारी किए हैं, वह अवैध था। हाई कोर्ट ने कहा कि ओबीसी की सूची पिछड़ा वर्ग आयोग अधिनियम, 1993 के अनुसार ही तैयार की जानी चाहिए। सूची में केवल उन्हीं जातियों को शामिल किया जा सकता है जो 2010 तक ओबीसी समुदाय से ताल्लुक रखते थे।

चुनाव को देखते हुए हरियाणा ने रोका दिल्ली का पानी : आतिशी

दिल्ली आम आदमी पार्टी ने आरोप लगाया है कि हरियाणा की भाजपा सरकार ने दिल्ली को मिलने वाला यमुना नदी का पानी रोक दिया है। दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी ने इसे चुनावी साजिश बताते हुए कहा कि दिल्ली सरकार इस विषय पर हरियाणा सरकार को पत्र लिखेगी। जरूरत पडने पर इस मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट भी जाएगी।आतिशी के मुताबिक पिछले कुछ दिनों से जगह–जगह से पानी की शिकायत आनी शुरू हुई, खास तौर पर ऐसे इलाकों से जहां पहले कभी पानी की शिकायत नही आती थी। जांच करने पर पता लगा कि यमुना का पानी हरियाणा सरकार द्वारा रोका जा रहा है। आतिशी ने बताया कि वजीराबाद में यमुना का स्तर सामान्य तौर पर 674 फीट होता है। अपने न्यूनतम स्तर पर यह 672 फीट तक चला जाता है। 11 मई से 21 मई तक लगातार हरियाणा ने धीरे–धीरे दिल्ली का पानी रोका। 11 मई को यमुना में पानी का स्तर 671.6 फीट पर था। तीन दिन तक 671.6 फीट पर बना रहा। 14 और 15 मई को यह 671.9 फीट पर रहा। 16 मई को घटकर 671.3 फीट पर आया। 17, 18, 19 मई को यह और नीचे आ गया। यहां पानी का जलस्तर 671 फीट पर आ गया। 21 मई को 671 फीट के भी नीचे आ गया। फिर यह 670.9 फीट पर रह गया। आतिशी का कहना है कि यह शायद पहली बार है जब दिल्ली के वजीराबाद में यमुना जल स्तर इतना कम हुआ है। उन्होंने कहा कि हरियाणा की भाजपा सरकार 25 मई को दिल्ली में होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले दिल्ली वालों को परेशान करने का षड्यंत्र रच रही है।

सभी तीर्थयात्रियों के लिए पंजीकरण अनिवार्य

● सुगम और सुविधाजनक यात्रा के लिए मुख्यमंत्री धामी गंभीर

जयन्त प्रतिनिधि।

देहरादून : प्रदेश सरकार ने चारधाम यात्रा पर आने वाले सभी तीर्थयात्रियों के लिए पंजीकरण को अनिवार्य कर दिया गया है। हरिद्वार और ऋषिकेश में ऑफलाइन पंजीकरण बंद कर दिए जाने से अब ऑनलाइन पंजीकरण के बाद ही श्रद्धालु चारधाम यात्रा पर आ सकते हैं। तीर्थयात्रियों की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया गया है।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी चारधाम यात्रा पर देश-दुनिया से आने वाले श्रद्धालुओं की सुगम और सुविधाजनक यात्रा को लेकर अत्यंत गंभीर हैं। सुरक्षित और व्यवस्थित यात्रा के लिए शासन प्रशासन के अधिकारियों से लगातार समीक्षा बैठक कर रहे हैं। बुधवार को मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने अनिवार्य पंजीकरण का आदेश जारी किया है। शासनादेश में तीर्थयात्रियों से कहा गया है कि पंजीकरण के बाद ही यात्रा पर आएं। बिना पंजीकरण के आने पर उन्हें बैरियर या चेक प्वाइंट पर रोका जा सकता है। और ऐसा होने पर उन्हें भारी असुविधा का सामना करना पड़ेगा। यात्रियों को सलाह दी गई है कि पंजीकरण होने पर वे निर्धारित तिथि पर ही यात्रा पर आएं। जिस धाम की यात्रा पर आ रहे हैं, उसी रूट पर जाएं। यात्रा कराने वाले टूर एवं ट्रेवल्स एजेंसियों से भी यह सुनिश्चित करने को कहा गया है कि यात्रियों ने पंजीकरण कराया है या नहीं। साथ ही यात्री वाहन को ट्रिप कार्ड जारी किया गया है या नहीं। शासनादेश में अपेक्षा व्यक्त की गई है कि सभी तीर्थयात्री यात्रा एडवाइजरी का पालन करते हुए शासन-प्रशासन को सहयोग करेंगे।

दून में डॉक्टरों की एसीआर–वेतन अटकाया, पीजी विवाद में फैसले का इंतजार

देहरादून। दून मेडिकल कॉलेज में अव्यवस्थाओं का आलम है। डॉक्टरों के प्रमोशन के लिए एसीआर यानि वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट उनके विभागों से ही अटका दी गई है। जेआर वेतन, प्रशिक्षु स्टाइपेंड को तरसे हैं। पीजी डॉक्टरों के बीच नेत्र रोग विभाग में विवाद में कमेटी की बैठक नहीं हो पा रही है। जबकि विभाग में गुटबाजी अभी भी हावी है।

पीजी डॉक्टरों के विवाद में टली बैठक, बढ़ा इंतजार

दून मेडिकल कॉलेज के नेत्र रोग विभाग में पीजी डॉक्टरों में विवाद के लिए बनी कमेटी की मंगलवार को बैठक नहीं हो सकी। दोनों पक्ष बैठक के संबंध में पूछताछ एवं इंतजार करते रहे। बाद में पता चला कि कमेटी के सदस्य पूरे उपलब्ध नहीं है। विभाग में पीजी डॉक्टरों में विवाद सामने आया था। दो पक्षों ने एक दूसरे पर उत्पीड़न एवं मानसिक शोषण का आरोप लगा पीजी सेक्शन, प्राचार्य को शिकायत की थी। एचओडी मामले को नहीं सुलझा पाई थी। प्राचार्य ने छह सदस्यीय कमेटी गठित की थी, जिसमें विगत 14 मई को बैठक लेकर सभी के बयान लिए थे। दोनों पक्षों को आपस में बातचीत करने का समय देकर एक सप्ताह बाद मंगलवार को बैठक को कहा था। सूत्रों ने बताया कि पीजी डॉक्टरों में आपस में सुलह नहीं हो सकी है, फैकल्टी में भी गुटबाजी बरकरार है। यह मामला उच्च स्तर तक पहुंच सकता है। प्राचार्य ने बताया कि कमेटी अध्यक्ष विभागीय कार्य से बाहर है, उनके आते ही बैठक कराएंगे। बैठक में मुद्दा हल नहीं होने पर नियमानुसार सख्त कार्रवाई करेंगे। फिर से अपील है कि छात्र–छात्राएं किसी की सियासत में न आएं। अपनी पढ़ाई एवं प्रैक्टिस पर ध्यान दें। फैकल्टी की अंतिम सामूहिक बैठक बुला रहे हैं, इसके बाद सीधे कार्रवाई करेंगे।

मेडिकल कॉलेज में विभागों ने अटकाई डॉक्टरों की एसीआर

दून मेडिकल कॉलेज में डॉक्टरों के प्रमोशन की प्रक्रिया में कई विभाग लेटलतीफी कर रहे हैं। आधे से ज्यादा विभागों ने डॉक्टरों की एसीआर प्राचार्य द्वारा मांगे जाने पर 26 दिन बाद भी नहीं भेजी है।

बुद्ध पूर्णिमा का स्नान, शहर में भारी वाहनों की एंट्री बंद

हरिद्वार। चारधाम यात्रा की भीड़ के बीच गुरुवार को बुद्ध पूर्णिमा का स्नान होगा। स्नान पर्व को लेकर तैयारियों को हरिद्वार पुलिस ने फाइनल टच दे दिया है। गुरुवार सुबह पांच बजे से स्नान पर्व के सकुशल सम्पन्न होने तक शहर क्षेत्र में भारी वाहन पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेंगे।

केवल आवश्यक सेवाओं से जुड़े भारी वाहन को ही शहर क्षेत्र में एंट्री दी जाएगी। भीड़ का दबाव अधिक होने पर ही जिले में डायवर्जन प्लान लागू किया जाएगा। बुधवार की शाम से ही पुलिस क्षेत्र में तैनात हो गई है।

स्टार्टअप्स के लिए सही माहौल मुहैया कराने के लिए सरकार प्रतिबद्ध : पीएम मोदी

नई दिल्ली ,प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि सरकार स्टार्टअप्स को फलने–फूलने के लिए अनुकूल माहौल मुहैया कराने के लिए प्रतिबद्ध है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक के बाद एक कई पोस्ट कर पीएम मोदी ने कहा कि सरकार को देश के हर हिस्से, खासकर टियर –2 और 3 शहरों में युवाओं में भरी ऊर्जा पर गर्व है। प्रधानमंत्री ने कहा, हमारी सरकार सक्रिय रूप से स्टार्टअप और धन सृजन को प्रोत्साहित करती है।

इनोवेटर्स और टेक्नोक्रेट्स ने कहा कि अटल इनोवेशन मिशन, स्टार्ट–अप इंडिया, स्टैंड–अप इंडिया और डिजिटल इंडिया जैसी पहलों के चलते भारतीय अर्थव्यवस्था में बदलाव आया है। उन्होंने राष्ट्रीय राजधानी में विशेष संपर्क अभियान कार्यक्रम में भाग लिया और केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी और राजीव चंद्रशेखर के साथ बातचीत की।

संपादकीय

चारधाम पंजीकरण में फर्जीवाड़ा

उत्तराखंड की चार धाम यात्रा का खुमार पूरे देश पर चढ़ा हुआ है। राज्य सरकार ने सुलभ और व्यवस्थित यात्रा के लिए ऑनलाइन व्यवस्था को चालू किया है जिसके तहत रजिस्ट्रेशन करने पर ही आसानी से दर्शन किए जा सकेंगे। राज्य सरकार कि यह व्यवस्था ऑनलाइन फर्जीवाड़े करने वालों के लिए भी कमाई का साधन बन गया है। पूर्व में ऐसे कई मामले प्रकाश में आ चुके हैं जिनमें हेलीकॉप्टर सेवा की बुकिंग से लेकर ऑनलाइन पंजीकरण एवं होटलों की बुकिंग में श्रद्धालुओं के साथ धोखाधड़ी की गई है। वर्तमान सीजन में भी महाराष्ट्र के एक दल के साथ हुए फर्जीवाड़े ने स्थानीय पुलिस को भी हैरान कर दिया है। ऋषिकेश क्षेत्र में स्थित रजिस्ट्रेशन चैकिंग सेन्टर में चारधाम यात्रा में आने वाले यात्रियों/वाहनो की चैकिंग के दौरान महाराष्ट्र से आये यात्रियों के 30 सदस्यीय दल के ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन चैक करने पर उनके ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन फर्जी पाये गये, जिनमें तारिखों में कूटरचना कर उन्हें बदला गया था। यात्रियों से जानकारी जुटा गई तो पता चला कि चारधाम की यात्रा के लिये हरिद्वार की एक ट्रैवल्स एजेंसी से दो धामो की यात्रा हेतु सम्पर्क किया था, ट्रैवल्स एजेंसी की ओर से यात्रा हेतु वार्ता की गई तथा रजिस्ट्रेशन करवाया गया था, जिसके एवज में लाखों रुपए का भुगतान किया गया था। ऋषिकेश पहुंचने पर सभी रजिस्ट्रेशन फर्जी पाए गए। अच्छी बात यह है कि उत्तराखंड पुलिस ने उसे यात्रियों को वापस नहीं लौटाया बल्कि सहयोग करते हुए उन्हें आगे की यात्रा की स्वीकृति भी प्रदान की। चार धाम यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन का फर्जीवाड़ा एक लंबे समय से ही चलता आ रहा है इससे पूर्व राज्य सरकार ने कई फर्जी हेली सर्विस रजिस्ट्रेशन कंपनियों की साइट प्रतिबंध की थी। हालांकि उसके बावजूद भी यह गोरखधंधा चालू है और महाराष्ट्र के इस प्रकरण ने तो ऑनलाइन पंजीकरण ठगी के इस खेल को शीशे की तरह साफ कर दिया है। आश्चर्य की बात तो यह है कि उत्तराखंड में कार्य कर रही कुछ ट्रैवल एजेंसी चार धाम यात्रा श्रद्धालुओं के साथ धोखाधड़ी के गोरखधंधे में लिप्त पाई गई है। श्रद्धालुओं के पास इन फर्जी कंपनियों को जांचने का कोई विकल्प मौजूद नहीं है लेकिन इस प्रकार के मामले सामने आने के बाद राज्य सरकार जरूर इस श्रृंखला में कार्य करने वाली ठग ऑनलाइन ट्रैवल एजेंसी को बेनकाब कर सकती है।

जैव विविधता पर मंडराता संकट चिंताजनक

डब्ल्यूडब्ल्यूएफ की भारत इकाई ने कहा है कि भारत में 12 प्रतिशत जंगली स्तनधारी जंतु और चिड़ियों की तीन प्रतिशत प्रजातियां विलुप्त होने के कगार पर हैं, जबकि 19 प्रतिशत उभयचर गंभीर खतरे में हैं। अध्ययन में बताया गया है कि बीते चार दशकों में भारत की नम भूमि (वेटलैंड) का एक–तिहाई हिस्सा गायब हो चुका है। जैव विविधता पर मंडराता यह खतरा हमारे पर्यावरण के लिए नित नयी समस्या उत्पन्न कर रहा है। स्वार्थपूर्ति के चलते मनुष्य द्वारा किये गये प्राकृतिक दोहन के परिणामस्वरूप बीते चालीस वर्षों में पशु–पक्षियों की संख्या घटकर एक तिहाई रह गयी। इस दौरान पेड़–पौधों की विभिन्न प्रजातियां भी आश्चर्यजनक रूप से कम हुई।

पेड़–पौधों की अनेक प्रजातियां तो विलुप्त होने के कगार पर हैं। वास्तव में समृद्ध जैव विविधता हमारे पर्यावरण को पोषकता तो प्रदान करती ही है, हमारे जीवन पर भी सकारात्मक प्रभाव डालती है। विडंबना यह है कि जैव विविधता के संकट को देखते हुए भी हम अपनी जीवनशैली को बदलने के लिए तैयार नहीं हैं। कुछ समय पहले संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी एक रिपार्ट में कहा गया था कि मानवता उसी प्राकृतिक दुनिया को तेजी से नष्ट कर रही है, जिस पर उसकी समृद्धि और अस्तित्व टिका है।

रोहित कौशिक

वर्ल्ड वाइड फंड फॉर नेचर(डब्ल्यूडब्ल्यूएफ) की एक रिपोर्ट के अनुसार, बीते पांच दशकों में धरती की 68 प्रतिशत जैव विविधता नष्ट हो गयी है। इस दौरान हर दस में से सात जैव प्रजातियां खत्म हो चुकी हैं। सबसे ज्यादा हानि मीठे पानी के प्रजातियों को हुई है, जिनकी जनसंख्या में 84 प्रतिशत की भारी कमी आयी है। रिपोर्ट के अनुसार, यदि जैव विविधता के संरक्षण हेतु ईमानदारी से प्रयास किये गये, तो भी 2050 से पहले इसमें सुधार की कोई संभावना दिखाई नहीं देती।

डब्ल्यूडब्ल्यूएफ की भारत इकाई ने कहा है कि भारत में 12 प्रतिशत जंगली स्तनधारी जंतु और चिड़ियों की तीन प्रतिशत प्रजातियां विलुप्त होने के कगार पर हैं, जबकि 19 प्रतिशत उभयचर गंभीर खतरे में हैं।

अध्ययन में बताया गया है कि बीते चार दशकों में भारत की नम भूमि (वेटलैंड) का एक–तिहाई हिस्सा गायब हो चुका है। जैव विविधता पर मंडराता यह खतरा हमारे पर्यावरण के लिए नित नयी समस्या उत्पन्न कर रहा है। स्वार्थपूर्ति के चलते मनुष्य द्वारा किये गये प्राकृतिक दोहन के परिणामस्वरूप बीते चालीस वर्षों में पशु–पक्षियों की संख्या घटकर एक तिहाई रह गयी। इस दौरान पेड़–पौधों की विभिन्न प्रजातियां भी आश्चर्यजनक रूप से कम हुईं।

पेड़–पौधों की अनेक प्रजातियां तो विलुप्त होने के कगार पर हैं। वास्तव में समृद्ध जैव विविधता हमारे पर्यावरण को पोषकता तो प्रदान करती ही है, हमारे जीवन पर भी सकारात्मक प्रभाव डालती है। विडंबना यह है कि जैव विविधता के संकट को देखते हुए भी हम अपनी जीवनशैली को बदलने के लिए तैयार नहीं हैं। कुछ समय पहले संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी एक रिपार्ट में कहा गया था कि मानवता उसी प्राकृतिक दुनिया को तेजी से नष्ट कर रही है, जिस पर उसकी समृद्धि और अस्तित्व टिका है।

वनों, महासागरों, भूमि और वायु के दशकों से हो रहे दोहन और उन्हें जहरीला बनाये जाने के कारण हुए बदलावों ने दुनिया को खतरे में डाल दिया है। विशेषज्ञों के अनुसार, जानवरों और पौधों की 10 लाख प्रजातियां विलुप्त होने के कगार पर पहुंच गयी हैं। ये प्रजातियां बीते एक करोड़ वर्ष की तुलना में हजारों गुणा तेजी से विलुप्त हो रही हैं। जिस तेजी से ये प्रजातियां विलुप्त हो रही हैं, उसे देखते हुए डायनोसोर के विलुप्त होने के बाद से पृथ्वी पर पहली बार इतनी बड़ी संख्या में प्रजातियों के विलुप्त होने का खतरा है।

रिपोर्ट में इस मुद्दे पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा गया था कि हम अर्थव्यवस्था, आजीविका, खाद्य सुरक्षा, स्वास्थ्य व जीवन की गुणवत्ता के मूल को ही नष्ट कर रहे हैं। अध्ययन में इस पर भी विचार–विमर्श किया गया था कि किस प्रकार हमारी प्रजातियों की बढ़ती पहुंच और भूख ने सभ्यता को बनाये रखने वाले संसाधनों के प्राकृतिक नवीनीकरण को संकट में डाल दिया है।

संयुक्त राष्ट्र के जैव विविधता व पारिस्थितिकी तंत्र सेवाओं के विशेषज्ञ जोसेफ सेटल के अनुसार, लघुकाल में मनुष्यों पर खतरा नहीं है, परंतु दीर्घकाल में यह कहना मुश्किल है। यदि मनुष्य विलुप्त होते हैं तो प्रकृति अपना रास्ता खोज लेगी, क्योंकि वह हमेशा ऐसा कर लेती है। प्रकृति को बचाने के लिए बड़े बदलावों की जरूरत है।

हमें हर सामग्री के उत्पादन, पैदावार और उसके उपभोग के तरीके में आमूलचूल बदलाव करना होगा। दरअसल पशु–पक्षी अपने प्राकृतिक आवास में ही अपने आपको सुरक्षित महसूस करते हैं। प्राकृतिक आवास में ही इनकी जैविक क्रियाओं के बीच एक संतुलन बना रहता है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि इस दौर में विभिन्न कारणों से पक्षियों का प्राकृतिक आवास उजड़ता जा रहा है। बढ़ते शहरीकरण और औद्योगीकरण के कारण वृक्ष लगातार कम होते जा रहे हैं। बाग–बगीचे उजाड़कर इन जगहों पर खेती–बाड़ी की जा रही है।

जलीय पक्षियों का प्राकृतिक आवास भी सुरक्षित नहीं बचा है। इन्हीं सब कारणों से किसी एक निश्चित जगह पर स्थापित होने के लिए पक्षियों के बीच प्रतिस्पर्धा बढ़ती जा रही है। एक ओर पक्षी मानवीय लोभ की भेंट चढ़ रहे हैं, तो दूसरी ओर जलवायु परिवर्तन के कारण इनकी संख्या लगातार घटती जा रही है। पक्षी विभिन्न रसायनों एवं जहरीले पदार्थों के प्रति अति संवेदनशील होते हैं। ऐसे पदार्थ भोजन या फिर पक्षियों की त्वचा के माध्यम से अंदर पहुंचकर उनकी मौत का कारण बनते हैं।

डीडीटी, विभिन्न कीटनाशक और खरपतवार खत्म करने वाले रसायन पक्षियों के लिए खतरनाक सिद्ध हो रहे हैं। मोर जैसे पक्षी कीटनाशकों के चलते काल के गाल में समा रहे हैं। पर्यावरण को स्वच्छ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला गिद्ध पशुओं को दी जाने वाली दर्द निवारक दवा की वजह से मौत का शिकार हो रहे हैं।यह भी सच है कि जब भी जीवों के संरक्षण की योजनाएं बनती हैं तो बाघ, शेर तथा हाथी जैसे बड़े जीवों के संरक्षण पर तो ध्यान दिया जाता है, परंत पक्षियों के संरक्षण को अपेक्षित महत्व नहीं दिया जाता है। वृक्षों की संख्या में वृद्धि, जैविक खेती को प्रोत्साहित तथा माइक्रोवेव प्रदूषण को कम करके बहुत हद तक पक्षियों को विलुप्त होने से बचाया जा सकता है। समय आ गया है कि सरकार और हम सब मिलकर जैव विविधता को बचाने का सामूहिक प्रयास करें।

सोना के पहली पसंद बनने के मायने

डॉ अश्विनी

पहले विश्व युद्ध के बाद से दुनिया में डॉलर का महत्व बढ़ता रहा है। जब अमेरिका के सहयोगी देश सामान के बदले सोना देने लगे, तो अमेरिका अधिकारिक तौर पर दुनिया का सबसे बड़ा स्वर्ण भंडार बन गया। युद्ध के बाद अनेकों देशों ने अपनी मुद्राओं को डॉलर के साथ जोड़ा और गोल्ड स्टैंडर्ड समाप्त हो गया तथा डॉलर दुनिया की सबसे पसंदीदा करेंसी बन गया। सभी देशों ने अपने विदेशी मुद्रा भंडार को डॉलर में रखना शुरू कर दिया, जिससे 1999 तक दुनिया के कुल विदेशी मुद्रा भंडारों में डॉलर का हिस्सा 71 प्रतिशत तक बढ़ गया। उस साल यूरोप में साझा करेंसी यूरो का प्रादुर्भाव हुआ और अधिकतर यूरोपीय देशों ने डॉलर के बदले यूरो रखना शुरू कर दिया। इससे रिजर्व करेंसी में डॉलर का हिस्सा घटने लगा और 2021 तक यह 59 प्रतिशत रह गया। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के अनुसार डॉलर का वैश्विक रिजर्व करेंसी के रूप में हिस्सा 2023 में 58.41 प्रतिशत था।

महत्वपूर्ण बात यह है कि चाहे डॉलर का महत्व घटता गया हो, लेकिन वह अभी भी दुनिया की सबसे पसंदीदा करेंसी है। यूरो का हिस्सा अभी भी 20 प्रतिशत के आसपास ही है। अधिकांश अंतरराष्ट्रीय लेन–देन डॉलर में ही होते हैं। इस कारण से डॉलर लंबे समय से कभी भी खास कमजोर नहीं हुआ। भारतीय रुपये के संदर्भ में देखें, तो 1964 में जहां एक डॉलर 4.66 रुपये के बराबर था, वह अब 83. 4 रुपये तक पहुंच चुका है। लेकिन कुछ समय से दुनिया के देशों में वि–डॉलरीकरण के संकेत मिल रहे हैं। डॉलर के लगातार मजबूत होने के कारण लगभग सभी देशों, खासतौर पर विकासशील देशों, को खासा नुकसान होता रहा है।

पिछले कुछ समय से भारत सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा अंतरराष्ट्रीय भुगतानों में रुपये की भूमिका बढ़ाने का प्रयास लगातार हो रहा है। लगभग 20 देशों के साथ इस बाबत सहमति बनी है। उधर अंतरराष्ट्रीय उथल–पुथल और खास तौर पर रूस–यूक्रेन युद्ध के कारण अमेरिका और यूरोपीय देशों के प्रतिबंधों के चलते लेन–देन में कठिनाई के कारण दूसरे देशों में भी स्थानीय करेंसियों में भुगतान के प्रयास तेज हो गये हैं। डॉलर के प्रति विमुखता इसलिए भी बढ़ी है कि अमेरिका ने रूस को आक्रामणकारी बताते हुए उसके तमाम डॉलर रिजर्व को जब्त कर लिया है। इससे दूसरे मुल्कों में यह भय व्याप्त हो गया है कि देर–सबेर अमेरिका उनके साथ भी ऐसा कर सकता है। तब उन मुल्कों के सामने भी रूस जैसी भुगतान की समस्या आ सकती है। ऐसे में तमाम मुल्क दोतरफा प्रयास कर रहे हैं– एक, स्थानीय करेंसियों में भुगतान और दो, डॉलर के स्थान पर सोने के भंडार में वृद्धि।भारत का विदेशी मुद्रा भंडार अप्रैल के पहले सप्ताह तक 648. 6 अरब डॉलर तक पहुंच गया था। लेकिन इस बीच एक महत्वपूर्ण बात यह दिखी कि इस भंडार में सोने का हिस्सा 55.8 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जिसमें एक सप्ताह में ही 1.24 अरब डॉलर की वृद्धि हुई। बताया जा रहा है कि एक ही सप्ताह में सोने के भंडार में छह टन की वृद्धि हुई। पिछले साल की तुलना में भारत का स्वर्ण भंडार 13 टन ज्यादा है। दुनिया में आधिकारिक स्वर्ण भंडार की दृष्टि से भारत का स्थान नौवां है। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल के आंकड़ों के अनुसार, 2021 में जहां विभिन्न देशों के केंद्रीय बैंकों और अन्य संस्थाओं द्वारा 450.1 टन सोने की खरीद की गयी, जो 2022 में 1135. 7 टन हो गयी।

वर्ष 2023 में केंद्रीय बैंकों ने 1037 टन सोने की खरीद की। गौरतलब है कि गहनों के रूप में सोने की मांग पहले के मुकाबले घटती जा रही है, जबकि निवेश के रूप में सोने की मांग बढ़ रही है। पिछले सालों में केंद्रीय बैंकों द्वारा सोने की खरीद में अभूतपूर्व वृद्धि ने दुनिया में सोने की मांग बढ़ा दी है। पिछले दो–तीन वर्षों में सोने की कीमत में भारी वृद्धि हुई है। वर्ष 2018 में सोने की औसत कीमत 1268, 93 डॉलर प्रति औंस थी, जो 2024 में अब तक 2126. 82 डॉलर प्रति औंस तक पहुंच चुकी है, यानी मात्र छह वर्षों से भी कम समय में सोने की कीमत में 67.6 प्रतिशत (लगभग 9. 5 प्रतिशत वार्षिक) वृद्धि हुई है। वर्ष 1988 में सोने की कीमत 437 डॉलर प्रति औंस थी, जो 2018 तक बढ़कर 1268, 93 तक पहुंची थी, यानी 30 सालों में 3.61 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि। लेकिन पिछले छह सालों में सोने की कीमतें 9। 7 प्रतिशत की दर से बढ़ रही हैं। ऐसे में आर्थिक विश्लेषक वैश्विक मौद्रिक एवं वित्तीय परिस्थितियों में महत्वपूर्ण बदलावों की ओर इंगित कर रहे हैं।

पहला कारण यह है कि अमेरिका के केंद्रीय बैंक– फेडरल रिजर्व– द्वारा ब्याज दर, जिसे फेड रेट भी कहते हैं, के घटने की संभावना व्यक्त की जा रही है। ब्याज दरें कम होने पर लोग वित्तीय परिसंपत्तियों के बजाय सोना खरीदने की ओर आकर्षित होंगे। ऐसे में यदि ब्याज दर गिरती है, तो सोने की मांग बढ़ेगी। दूसरा कारण यह बताया जा रहा है कि चीन समेत दुनियाभर के केंद्रीय बैंक अब ज्यादा से ज्यादा सोना खरीद रहे हैं। इस प्रवृत्ति के थमने की कोई संभावना दिखाई नहीं दे रही है। तीसरा, दुनियाभर में सोने की कीमतों में वृद्धि की अपेक्षा की जा रही है। ऐसे में केंद्रीय बैंकों द्वारा ज्यादा सोना खरीदने की संभावनाएं और भी बढ़ रही हैं क्योंकि यदि केंद्रीय बैंक अपने विदेशी मुद्रा भंडार में सोने की मात्रा बढ़ाते हैं, तो बढ़ती सोने की कीमतों के साथ उनके विदेशी मुद्रा भंडार स्वयमेव बढ़ जायेंगे।

विडम्बनात्मक दोहराव से बचा

बंगाल में कांग्रेस के दो दिग्गजों मल्लिकार्जुन खरगे और अधीर रंजन चौधरी में ममता बनर्जी को लेकर खींची तलवारें फिलहाल म्यान में चली गई हैं। ऐसा कर पार्टी ने अपने आपको इतिहास के उस विडम्बनात्मक दोहराव से बचा लिया है।

तब ऐसे ही अस्तित्वगत सवाल पर कांग्रेस की तत्कालीन ह्यफायरब्रांडह्न नेता ख्यात ममता बनर्जी ने पार्टी छोड़ दी थी। अपनी तृणमूल कांग्रेस बना ली थी और कुछ सालों बाद वह ह्यमां, माटी और मानुषह्न के नारे पर दशकों के कायम वामपंथी शासन को उखाड़ फेंका था।

दूसरे नम्बर पर रही कांग्रेस इसके बाद राजनीतिक वनवास में चली गई थी, जबकि बंगाल में आजादी के बाद से दशकों तक सत्ताधारी रही थी। इसके बाद का इतिहास आज का वर्तमान है, जिस पर तृणमूल है, कांग्रेस और वामदल अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहे हैं। इनमें कांग्रेस सत्ता के लिए कुछ अधिक ही अधीरता से प्रयासरत है। इस तर्क से कि बंगाल की सत्ता से 50 साल बाहर रहने के कारण उसके विरु द्ध सत्ता विरोधी विचार खुरच गए हैं।

इस बीच आई नई पीढ़ी में उसके प्रति कोई पूर्वाग्रह नहीं है और वह आसन्न भाजपा के बजाय कांग्रेस को वरीयता दे सकती है। इसके लिए सही मोहरे चलना होगा–जनता को तृणमूल कांग्रेस की ज्यादतियों से ही भिडऩा, जो वामशासन की बुराइयों की याद दिलाती है। आम जनता को इस अवसर की प्रतीक्षा है। लोक सभा चुनाव में भले बंगाल में भाजपा को अब वरीयता मिल जाए पर विधानसभा में कांग्रेस जमीनी पार्टी के रूप में मतदाताओं की पहली पसंद हो सकती है।

इसके लिए ममता के विरोधाभासों पर हमलावर होते दिखते रहना है। यह केवल अधीर की निजी नहीं बल्कि कांग्रेस–कैडर की आम राय है। इसलिए बंगाल में कांग्रेस के ह्यचौधरीह्न अधीर रंजन को ही खरगे ने जब पार्टी से बाहर जाने का विकल्प रखा तो उनकी तस्वीर काली कर दी गई।

आलाकमान की राय से यह खुला विद्रोह था। अधीर केवल ममता के दोमुंहेपन का विरोध कर रहे थे। अच्छा हुआ कि आलाकमान ने खरगे से कहलवा दिया कि चौधरी बंगाल में कांग्रेस के लड़ाकू सिपाही हैं। यह उनमें ममता से कार्यशैलीगत साम्यता की स्वीकारोक्ति है। उधर, ममता ने भी ह्यइंडियाह्न के प्रति अपनी राय मेंड कर ली है।

वैसे भी चुनाव के मोड को देखते हुए कोई भी राजनीतिक आगे के रास्ते के बारे में मुतमईन नहीं है। नतीजा कुछ भी हो सकता है। इसलिए चुनाव परिणाम आने तक राजनीतिक गलियारे में बहुत कुछ घटित होगा।

सवी: ए ब्लडी हाउसवाइफ का दमदार ट्रेलर जारी



अभिनेत्री दिव्या खोसला सावि से धमाल मचाने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। निर्माताओं ने हाल ही में फिल्म के दो टीजर जारी करते हुए फैंस का उत्साह बढ़ाया था, जिसके बाद से फैंस इसके ट्रेलर का इंतजार कर रहे थे। वहीं, आखिरकार अब निर्माताओं ने फिल्म का धमाकेदार ट्रेलर जारी कर दिया है, जिसमें दिव्या खोसला का खतरनाक अवतार देखने को मिला।

ट्रेलर की शुरुआत दिव्या खोसला के किरदार से होती हैं। वे कैमरे में अपना बयान रिकॉर्ड करती हैं और कहती हैं कि अगर आप यह वीडियो देख रहे हैं तो आप सब जानते हैं कि मैं एक क्रिमिनल हूं। इसके बाद वे अपनी कहानी की झलक दिखाती हैं। दिव्या का किरदार सावि अपने पति यानि हर्षवर्धन राणे और बेटे के साथ हंसी–खुशी रहती हैं, लेकिन एक दिन उनकी खुशियों पर ग्रहण लग जाता है। उनके पति को खून और ड्रग्स के इल्जाम में देश के सबसे बड़े जेल में बंद कर दिया जाता है। सावि यह जानती हैं कि उनका पति बेगुनाह है और ऐसे में वे पति को जेल तोडक़र बाहर लाने की योजना बनाती है। उनकी जिंदगी का यह सफर उन्हें एक साधारण ग्रहणी से क्रिमिनल बना देता है।सावि की इस खतरनाक साजिश को अंजाम देने के लिए उन्हें अनिल कपूर की मदद मिलती है। वे कहते हैं कि उनके पास हर ताले की चाबी है, बस उसे लगाने वाला चाहिए। अनिल सावि को जुर्म की दुनिया में उतारते हैं और खतरनाक योजना बनाते हैं, जिसमें सावि की जान को भी खतरा हो सकता है। अपने परिवार को टूटने से बचाने के लिए सावि इस खतरे को पार करने के लिए तैयार है। ट्रेलर में दिव्या खोसला का दमदार एक्शन अवतार भी देखने को मिला। अब ऐसे में देखना यह होगा कि वे अपने मकसद में कामयाब हो पाती हैं या नहीं।फिल्म में दिव्या खोसला के साथ अनिल कपूर और हर्षवर्धन राणे भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिल्म की पूरी शूटिंग लंदन में की गई है। फिल्म सावी का निर्माण विशेष मनोरंजन और टी–सीरीज के बैनर मुकेश भट्ट, भूषण कुमार और कृष्ण कुमार ने किया है। शिव चाना और साक्षी भट्ट सह–निर्माता के रूप में शामिल हैं। यह फिल्म एक बेहतरीन एक्शन एक्शन से भरपूर है।हालांकि, यह देखने के लिए कि एक साधारण गृहिणी कैसे सबसे बड़ी जेल तोडक़र अपने पति को वापस लाती है, इसके लिए फिल्म के रिलीज होने तक का इंतजार करना होगा।

कंगाल पाकिस्तान के बेशर्म क्रिकेटर्स', आजम खान ने नोटों से पोंछा पसीना

नई दिल्ली। पाकिस्तान के क्रिकेटर आजम खान का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में क्रिकेटर को विदेशी करेंसी के साथ पसीना पोछते हुए देखा जा सकता है।

वीडियो वायरल होने के बाद क्रिकेटर आजम खान की खूब आलोचना हो रही है। इस विवाद में कप्तान बाबर आजम भी शामिल रहे।

दरअसल, वायरल वीडियो में कप्तान बाबर आजम की भी आवाज सुनाई दे रही है। बाबर ने आजम से पूछा, अब्बा क्या हुआ है? गर्मी है? इस पर आजम खान ने जवाब दिया, बहुत ज्यादा गर्मी है। इस दौरान आजम खान को विदेशी करेंसी से माथे का पसीना पोंछते हुए दिखाई दिए। साथ ही बाबर और अन्य लोगों को पीछे से हंसते हुए सुना जा सकता है।

आईपीएल के बाद क्या करेंगे ट्रेविस हेड

नई दिल्ली, ट्रेविस हेड ने इस साल आईपीएल में भले ही शानदार प्रदर्शन किया हो, लेकिन टेस्ट क्रिकेट उनकी शीर्ष प्राथमिकता बना हुआ है और ऑस्ट्रेलिया का यह आक्रामक बल्लेबाज जब तक इस प्रारूप में खेलेगा तब तक साल में सिर्फ दो टी–20 लीग में हिस्सा लेगा। हेड के लिए पिछले 10 महीने शानदार रहे और उन्होंने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियन तथा वनडे वर्ल्ड कप के फाइनल में भारत के खिलाफ शतक जड़कर अपनी टीम की जीत की नींव रखी।

मौजूदा सत्र में उन्होंने सनराइजर्स हैदराबाद के लिए 533 रन बनाए हैं और भारत के अभिषेक शर्मा के साथ बेहद प्रभावी आरंभिक जोड़ी बनाई। यह पूछ जाने पर कि ऑस्ट्रेलिया टीम के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को देखते हुए वह लुभावनी टी–20 पेशकश से कैसे निपट रहे हैं, इस पर हेड ने कहा कि यह पिछले कुछ समय 2017 से आईपीएल में मेरा पहला साल है। इस समय मैं अपना पूरा ध्यान टेस्ट क्रिकेट पर लगाऊंगा, मैं ऐसा करना जारी रखूंगा। टेस्ट के बाद मैं प्रारूपों का चयन करूंगा और देखूंगा कि मैं कैसे चयन के लिए उपलब्ध रहता हूं। दुनिया भर में टी–20 प्रतियोगिताओं की संख्या बढ़ रही है और आंद्रे रसेल तथा सुनील नारायण जैसे खिलाड़ी साल में पांच से अधिक टूर्नामेंट खेल रहे हैं।

शरवरी वाघ की नई हॉरर–कॉमेडी फिल्म मुंज्या का टीजर जारी, 7 जून को सिनेमाघरों में देगी दस्तक

स्त्री की सफलता के बाद, मैडॉक फिल्म्स भारत के पहले सीजीआई अभिनेता मुंज्या के साथ अपनी आगामी फिल्म के साथ हर किसी का मनोरंजन करने के लिए तैयार है। मेकर्स ने बच्चों का खास ध्यान रखते हुए फिल्म का निर्माण किया है और दावा किया है कि यह फिल्म बच्चों को काफी पसंद आने वाली है।टीजर में मुंज्या की दुनिया की एक झलक पेश करता है, जो दर्शकों को एक रहस्यमयी मुन्नी की खोज के बारे में जानने के लिए उत्सुक करता है। यह डरावनी, लेकिन कॉमेडी झलक दर्शकों को मुंज्या के पीछे के रहस्यों को जानने के लिए उत्सुक करती है। स्त्री और भेडिय़ा जैसे लोकप्रिय पात्रों के निर्माता, मैडॉक फिल्म्स अब एक नए प्रकार के पात्र के साथ दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए तैयार है। मुंज्या सिर्फ एक प्राणी नहीं है, जो बातचीत कर सकता है और चल सकता है। यह एक डिजिटल चमत्कार है, जो अपनी हर हरकत से डर पैदा करता है।यह फिल्म आधुनिक तकनीक को अपनाने के दिनेश विजान के दृष्टिकोण का एक प्रमाण है। दिनेश का यह दृष्टिकोण फिल्म में शुरू से लेकर अंत तक पूरी तरह से महसूस की गई है। बता दें कि यह सीजीआई को प्रदर्शित करने वाली पहली भारतीय फिल्म बन गई है। 24 मई को फिल्म का ट्रेलर रिलीज होगा।फिल्म में शरवरी, मोना सिंह, अभय वर्मा और सत्यराज मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म का निर्देशन आदित्य सरपोतदार ने किया है। मुंज्या 7 जून 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। मालूम हो कि फिल्म टीजर रिलीज होने के बाद से ही इसे सोशल मीडिया पर सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। एक यूजर ने लिखा, फिल्म देखने के लिए उत्साहित हूं। दूसरे यूजर ने लिखा, फिल्म बच्चों को जरूर पसंद आएगी। एक और यूजर ने लिखा, मैडॉक फिल्म्स का नया आविष्कार सराहनीय है।

साउथ सुपरस्टार मोहनलाल का बर्थडे पर नई फिल्म एल2 : एंपुराण से धांसू लुक आउट

साउथ फिल्म इंडस्ट्री के सुपरस्टार मोहनलाल अपने 64वां बर्थडे के मौके पर एक्टर को उनके फैंस और सेलेब्स खूब विश कर रहे हैं और एक्टर को मलयालम स्टार ममूटी और पृथ्वीराज सुकुमारन समेत कई स्टार्स ने जन्मदिन की बधाईयां दी हैं. वही, इस खास मौके पर मलयालम स्टार की नई फिल्म एल2 : एंपुराण धांसू लुक भी सामने आया है.एल2 : एंपुराण मोहनलाल की मोस्ट अवेटेड फिल्म है, यह साल 2019 में आई फिल्म लूसिफर का सीक्वेल है. इसे मलयालम स्टार पृथ्वीराज सुकुमारन डायेरक्ट किया है. ऐसे में फिल्म एल2 : एंपुराण से सुकुमारन ने मोहनलाल का न्यू लुक पोस्टर शेयर किया है. फिल्म एल2 : एंपुराण में मोहनलाल कुरैशी अबराम के रोल में नजर आएंगे. एल2 : एंपुराण पैन इंडिया फिल्म है, जो मलयालम के साथ–साथ हिंदी, तमिल, तेलुगू और कन्नड़ में भी रिलीज होगी.

ऋषभ पंत या संजू सैमसन, कौन है असली मैच विनर?

दुबई। पूर्व भारतीय क्रिकेटर युवराज सिंह ने टी20 विश्व कप में भारतीय एकादश में विकेटकीपर की भूमिका के लिए संजू सैमसन पर ऋषभ पंत को तरजीह दी है जबकि खराब फॉर्म से जूझ रहे हार्दिक पांड्या का समर्थन करते हुए कहा कि वह टूर्नामेंट में कुछ 'विशेष' करेंगे। अमेरिका और वेस्टइंडीज में एक जून से शुरू हो रहे टी20 विश्व कप के लिए भारत ने रोहित शर्मा की अगुआई में 15 सदस्यीय मजबूत टीम का चयन किया है जबकि चार रिजर्व खिलाड़ी भी टीम के साथ यात्रा करेंगे।

ऋषभ को तरजीह देने की वजह

आगामी टी20 विश्व कप के दूत युवराज ने आईसीसी से कहा, 'मैं संभवतः ऋषभ के साथ जाऊंगा। बेशक संजू भी काफी अच्छी फॉर्म में हैं, लेकिन ऋषभ बाएं हाथ का खिलाड़ी है और मुझे लगता है कि ऋषभ में भारत के लिए मैच जीतने की काफी अधिक क्षमता है जो उसने अतीत में भी किया है।'

उन्होंने कहा, 'टेस्ट क्रिकेट में और भी अधिक (सक्षम) और वह ऐसा खिलाड़ी है जिसके बारे में मेरा मानना है कि वह बड़े मंच पर मैच विजेता है।' पंत और सैमसन दोनों आईपीएल के वर्तमान सत्र में शानदार फॉर्म में हैं, लेकिन भारत के उप कप्तान हार्दिक लय हासिल करने के लिए जूझ रहे हैं। युवराज हालांकि टी20 विश्व कप में इस आलराउंडर के प्रभाव को लेकर आशावादी हैं।

ये दो खिलाड़ी दुर्भाग्यशाली रहे

युवराज ने कहा, 'शुभमन गिल और रिंकू सिंह के लिए थोड़ा दुर्भाग्यशाली रहा। अगर मैं रिंकू की बात करूं तो भारत के लिए वह अच्छी फॉर्म में थे और उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए इतना अच्छा प्रदर्शन किया है।

एक नजर

अंतिम तिथि 31 को

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : राजकीय महाविद्यालय सतपुली में बीए, बीएससी, बीकाम प्रथम सेमेस्टर के लिए प्रवेश की अंतिम तिथि 31 मई निर्धारित की गई है। जानकारी देते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि विद्यार्थी प्रवेश के लिए समर्थ पोर्टल में पंजीकरण कर सकते हैं। प्रवेशार्थियों की सुविधा के लिए महाविद्यालय में हेल्प डेस्क भी बनाई गई है।

छात्रों ने निभाई अधिवक्ताओं की भूमिका

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : गढ़वाल विवि के पौड़ी परिसर के विधि विभाग में बुधवार को मूट कोर्ट का आयोजन किया गया। जिसमें विधि अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं ने मौलिक और आपराधिक मामलों में अपने विचार रखे। छात्रों ने पक्ष और विपक्ष अधिवक्ताओं की भूमिका निभाई। मूट कोर्ट में मुख्य मामला इच्छा मृत्यु था जो वर्तमान में एक ज्वलंत मामला है। जज की भूमिका में प्रो. सुभाष चन्द्र गुप्ता, डा. राम प्रकाश और मुकेश रावत थे। इस मौके पर जजों ने कोर्ट में मामले की पैरवी करने की विस्तार से जानकारी छात्रों को दी।

गुलदार को आदमखोर घोषित किया जाय

श्रीनगर गढ़वाल : भाजपा नेता और आरटीआई कार्यकर्ता कुशलानाथ ने बुधवार को एक सप्ताह के अंदर दो बच्चों पर हमला करने वाले गुलदार को अदमखोर घोषित करने की मांग की है। इस संदर्भ में उन्होंने जिलाधिकारी को ईमेल के माध्यम से ज्ञापन भेजा। कहा कि बीते एक सप्ताह के भीतर गुलदार ने एक तीन वर्षीय सूरज को मार डाला था। जबकि बीते मंगलवार को श्रीकोट की चार वर्षीय अधीरा को हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। उन्होंने गुलदार को नरभक्षी घोषित किये जाने की मांग की है। (एजेंसी)

अनियंत्रित बोलेरो की टक्कर से एक व्यक्ति घायल

श्रीनगर गढ़वाल : ऋषिकेश-बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर बांसवाड़ा के पास एक अनियंत्रित जीप ने बुधवार को चाय की दुकान पर खड़े एक व्यक्ति को जोरदार टक्कर मार दी। कोतवाली के वरिष्ठ उपनिरीक्षक सुनील रावत ने बताया कि श्रीकोट से श्रीनगर की ओर जा रही एक जीप अनियंत्रित होकर दुकान पर चाय पी रहे एक व्यक्ति से टकरा गई। जिन्हें 108 के माध्यम से बेस अस्पताल श्रीकोट ले जाया गया। बताया कि घटना में तैयब पुत्र असगर निवासी ग्राम ननेनेडा थाना गागलहेड़ी जनपद सहारनपुर के सिर सहित शरीर के अन्य भागों में चोट आयी है। घायल का इलाज बेस चिकित्सालय में चल रहा है। घायल कबाड़ी का काम करता है। (एजेंसी)

छात्रों में कौशल को विकसित करने के लिए निरंतर करें प्रयास

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : डाइट चड़ीगांव में दो दिवसीय कौशलम प्रशिक्षण कार्यक्रम बुधवार को सम्पन्न हो गया है। प्राचार्य डाइट एसएस तोमर ने कहा कि प्रतिभागियों को नीप 2020 के उद्देश्यों के अनुसार छात्रों में व्यावसायिक मानसिकता व 21वीं सदी के कौशलों को विकसित करने के लिए निरंतर प्रयास किए जाने की आवश्यकता है।

शिक्षा विभाग स्कूलों में छात्रों में व्यावसायिक सोच बढ़ाने व 21वीं सदी के कौशलों को विकसित करने के लिए कौशलम कार्यक्रम संचालित कर रहा है। इस कायक्रम के तहत छात्र-छात्राओं को विभिन्न व्यवसाय के बारे में जानकारी प्रदान की जाएगी। इस प्रशिक्षण में जिले के विभिन्न स्कूलों से 44 मास्टर ट्रेनरों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में मुख्य संदर्भदाता की भूमिका में प्रवक्ता डा. शिवकुमार भारद्वाज, अनुजा मैठाणी, मीना गैरोला, डा. जसपाल सिंह खत्री आदि शामिल रहे।

पालिकाएं दैनिक कार्यों को मिशन मोड में निपटाएं

नई टिहरी : डीएम मयूर दीक्षित ने आने वाले वर्षाकाल को देखते हुए जरूरी सेवाओं को सुदृढ़ करने को लेकर समस्त निकायों के अधिकारियों की बुधवार को बैठक ली। उन्होंने कहा कि निकायों के अधिकारी दैनिक कार्यों को मौके पर जाकर मिशन मोड में करवायें। अवैध रूप से सार्वजनिक स्थलों, चौराहों, दीवारों और पोलों आदि पर लगाए गए होर्डिंग्स, बैनर, पोस्टर तथा अप्रयुक्त शौचालयों को तत्काल हटाने के निर्देश दिए।

उन्होंने डोर टू डोर कूड़ा संग्रह, पृथक्करण और निस्तारण, डम्पिंग जोन, यूजर चार्जेज, नालियों की सफाई, स्ट्रीट लाइट, निराश्रित पशुओं की व्यवस्था, स्ट्रीट डॉग पर नियंत्रण को लेकर जानकारी ली।

गोखले मार्ग करवाया खाली, देवी रोड में बिगड़ी स्थिति

कोटद्वार में देवी रोड पर मोटरनगर के समीप सड़क पर खड़ी रेहड़ी ठेली

देवी रोड में रेहड़ी-ठेली व फड़ वालों ने जमाया कब्जा

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : गोखले मार्ग को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए नगर निगम व स्थानीय प्रशासन सख्ती दिखा रहा है। लेकिन, गोखले मार्ग से हटाए गए रेहड़ी-ठेली व फड वालों ने देवी रोड में कब्जा जामाना शुरू कर दिया है। जगह-जगह सड़क पर अव्यवस्थाओं का अंबार बना हुआ है। ऐसे में लोगों का पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है।

मालूम हो कि कुछ दिन पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने नगर निगम को गोखले मार्ग को अतिक्रमण मुक्त करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद गहरी नींद से जागे नगर निगम ने गोखले मार्ग में पहुंचकर रेहड़ी-ठेली व फड़ वालों के खिलाफ कार्रवाई करना शुरू कर दिया। यही नहीं, नगर निगम की एक टीम समय-समय पर गोखले मार्ग में गश्त भी करती रहती है। निगम की सख्ती के बाद गोखले मार्ग तो खाली हो गया है। लेकिन, रेहड़ी-ठेली व फड वालों ने शहर के अन्य मार्गों पर कब्जा करना शुरू कर दिया। सबसे बुरी स्थिति देवी रोड की बनी हुई है। बेतरतीब तरीके से खड़े रेहड़ी-ठेली वालों के कारण मार्ग पर पूरे दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। सड़क किनारे खड़ी रेहड़ी-ठेली के कारण राहगीरों को बीच सड़क से होकर गुजरना पड़ता है। ऐसे में कब बड़ी दुर्घटना हो जाएं कुछ कहा नहीं जा सकता।

पैदल चलना भी हो रहा मुश्किल

देवी रोड में लगातार स्थिति बिगड़ती जा रही है। एक ओर जहां पनियाली पुलिया के आगे आटो चालकों ने सड़क को पार्किंग बना दिया है तो वहीं कुछ दूरी पर सड़क पर ही वाहन मरम्मत का कार्य भी चल रहा है। मोटर नगर में शाम के समय शराब की दुकान में आने वाले ग्राहक भी अपने वाहनों को बेतरतीब तरीके से खड़ा कर देते हैं। जिससे जाम की स्थिति बनी रहती है। बाकी बची हुई कसर रेहड़ी-ठेली व फड वाले पूरा कर रहे हैं।

बोर्ड परीक्षा के अव्वल विद्यार्थियों को किया सम्मानित

राजकीय कन्या उच्चतर विद्यालय बासिंज्ञाना में आयोजित किया गया कार्यक्रम

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : द्वारीखाल ब्लाक के अंतर्गत राजकीय कन्या उच्चतर विद्यालय बासिंज्ञाना में बुधवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कांग्रेस जिलाध्यक्ष विनोद डबराल और विशिष्ट अतिथि महाराष्ट्र के पुणे में चिकित्सक डा. सुजाता तोमर रावत ने उत्तराखंड हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली आठ छात्राओं को सम्मानित किया।

कार्यक्रम का आरंभ करते हुए प्रधानाचार्य मधु जोशी ने कहा कि इस तरह के सम्मान से अन्य छात्राओं में भी प्रतियोगी परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन करने की क्षमता का विकास होगा। डा. सुजाता तोमर रावत ने विद्यालय के परीक्षाफल की प्रशंसा करते हुए छात्राओं से भविष्य में भी इस तरह के प्रदर्शन का आह्वान किया। तत्पश्चात मुख्य व विशिष्ट अतिथियों द्वारा जिया, सिमरन, श्रुति, आकांक्षा, साक्षी, महक, सुमिरन और कविता को सम्मानित किया गया। इस दौरान कांग्रेस के द्वारीखाल ब्लाक अध्यक्ष संजय तोमर, जिला सचिव प्रमोद चौहान, जितेंद्र चौधरी और विजय नेगी सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित होती छात्राएं

ओपन टेबल टेनिस प्रतियोगिता में 140 खिलाड़ी करेंगे प्रतिभाग

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : रोटरी क्लब की ओर से 24 मई से शुरू होने वाली तीन दिवसीय ओपन टेबल टेनिस प्रतियोगिता में 140 खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। प्रतियोगिता को संपन्न करवाने के लिए क्लब के सदस्यों को अलग-अलग जिम्मेदारी दी गई है।

प्रतियोगिता के संयोजक वाईपी गिलरा ने बताया कि 24 मई को स्कूल चैंपियनशिप, ओपन, जूनियर ब्वायज सिंगल्स व ओपन सब जूनियर ब्वायज के मैच खेले जाएंगे। 25 मई को ओपन जूनियर गर्ल्स सिंगल्स, ओपन पुरूष एकल, ओपन महिला एकल और पचास साल से अधिक उम्र के ओपन वेटेरंस सिंगल्स के मैच खेले जाएंगे। बताया कि प्रतियोगिता में देहरादून, ऋषिकेश, हल्द्वानी, नैनीताल, पौड़ी, परसुंडाखाल, थलीसैंण, जयहरीखाल, लैंसडौन, रिंगवाड़ी, चमोली, कण्वघाटी, कोटद्वार, कोटड़ीढांग के खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। 26 मई को सेमीफाइनल व फाइनल मैच खेले जाएंगे। खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ रोटरी मंडलाध्यक्ष अशोक गुप्ता, अपर पुलिस अधीक्षक जया बलूनी व स्वामी राम हिमायलन यूनिवर्सिटी जौलीग्रांट के वाइस चांसलर डा.राजेंद्र डोभाल करेंगे।

देश की तरक्की में आतंकवाद सबसे बड़ा रोडा

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस के मौके पर राजकीय महाविद्यालय रिखणीखाल में राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से कार्यशाला आयोजित की गई। इस दौरान शिक्षकों व विद्यार्थियों ने देश की तरक्की में आतंकवाद को सबसे बड़ा रोडा बताया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभारी प्रधानाचार्य डा. अनूप सिंह ने किया। डा. सिंह ने आतंकवाद विरोधी दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इसी दिन भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की आतंकवादियों ने हत्या कर दी थी। इस मौके पर डा. विपिन पंवार, डा. महेश चंद्र आर्य, प्रशांत, लक्ष्मी जोशी, डा. मनोज किशोर नौटियाल, डा. विपिन कुमार तिवारी, डा. सुनील सिंह मौजूद रहे।

भीषण गर्मी में पानी को तरस रहे गौजेटा के ग्रामीण

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : गर्मी बढ़ने के साथ ही पर्वतीय क्षेत्रों में भी पेयजल समस्या उत्पन्न होने लगी है। दुगड्डा के अंतर्गत ग्राम गौजेटा के ग्रामीण पिछले कई दिनों से पेयजल समस्या से जूझ रहे हैं। ग्रामीणों ने जल्द पेयजल आपूर्ति बहाल करवाने की मांग की है। कहा कि लगातार शिकायत के बाद भी गांव के लिए बनाई गई पेयजल लाइन की मरम्मत नहीं करवाई जा रही है।

बुधवार को ग्रामीणों ने जल निगम के अधिशासी अभियंता को ज्ञापन दिया। कहा कि पुलिंडा से गौजेटा आ रही पेयजल लाइन जुलाई 2023 में प्राकृतिक आपदा के कारण क्षतिग्रस्त हो गई थी। संबंधित विभाग को अवगत कराने के बाद भी आज तक इस संबंध में कोई कार्रवाई नहीं हुई। कहा कि वर्तमान में लोनिवि की ओर गांव में सड़क निर्माण कार्य चल रहा है। इस कारण पेयजल योजना के पाइप क्षतिग्रस्त हो गये हैं और ग्रामीणों को लाइन पर प्लास्टिक के पाइप जोड़ने पड़ रहे हैं। कहा कि गौजेटा पहुंचने वाली पेयजल लाइन को पुलिंडा टैंक से गौजेटा टैंक में जोड़ा गया है। इस कारण जब पुलिंडावासी टैंक को बंद करते हैं तो गौजेटा में पानी की सप्लाई अपने आप बंद हो जाती है। टैंक के खोलने पर भी क्षतिग्रस्त पेयजल पाइपों के कारण पानी जगह-जगह पर लीक होकर गिरता रहता है और गांव तक नहीं पहुंच पाता। ज्ञापन में अधिशासी अभियंता से इस समस्या का शीघ्र समाधान करने की अपील की गई है। ज्ञापन सौंपने वालों में गबर सिंह, दिगंबर सिंह, नरेंद्र सिंह, ओमप्रकाश, विकास कुमार, चंद्रमोहन सिंह, पंकज कुमार, मोहन सिंह और राजीव कुमार आदि शामिल थे।

रुद्रनाथ यात्रा पथ पर लग सकती है अस्थाई दुकानें

चमोली : भगवान रूद्रनाथ के 18 किलोमीटर पैदल यात्रा पथ पर बनी अस्थायी झोपड़ी नुमा दुकानों और टेंटो को वन विभाग द्वारा हटाये जाने से स्थानीय लोग नाराज चल रहे है। केदारनाथ वन्यजीव प्रभाग के प्रभागीय वनाधिकारी अभिमन्यु सिंह ने बुधवार को बताया कि पूर्व मे चली आ रही अस्थायी दुकानो को तो नही हटाया गया है। लेकिन ऊंचाई पर अस्थायी झोपड़ी नुमा दुकानों, टेंटो को नियमो के अनुसार लगाने और वैकल्पिक व्यवस्था पर विचार किया जा रहा है। बुग्यालो को किसी प्रकार नुकसान न हो। इस शर्त पर और निर्धारित संख्या मे लोगो के रहने तथा बुग्यालो के नियम के पालन के साथ अस्थायी झोपड़ी नुमा दुकानो और टेंटो को संचालित करने के लिये वन विभाग और ईडीसी के बीच वार्ता कर वैकल्पिक समाधान पर कार्य और निर्णय लिया जायेगा। (एजेंसी)

प्रतिभावानों को दिया जागृति सम्मान

आयोजित कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देते कलाकार

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : जागृति गढ़वाल जनजागरण संस्था द्वारा संचालित रेडियो स्टेशन रोडियो गढ़वाणी एफएम 90.8 एमएचजेड के दो वर्ष पूर्ण होने पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान संस्थान की ओर से समाज के क्षेत्र में बेहतर योगदान देने वाले लोगों को सम्मानित किया गया।

मालवीय उद्यान में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पद्मभूषण पद्मश्री डा. अनिल जोशी, पद्मश्री डा. माधुरी बड़थ्वाल, मैती आंदोलन के प्रणेता कल्याण सिंह रावत ने संयुक्त रूप से किया। इसके उपरांत विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। अनुरागी ब्रदर्स की दिव्यांग नेत्रहीन अंजली अनुरागी की प्रस्तुतियों ने दर्शको को मंत्रमुग्ध कर दिया था। कार्यक्रम में पद्मभूषण पद्मश्री डा. अनिल जोशी ने रेडियो की महत्ता बताई और पर्यावरण प्रवर्तन पर चिंता जताई और सुझाव दिए। पद्मश्री डॉ. माधुरी बड़थ्वाल ने पारंपरिक संस्कृति को सजोने और संरक्षित करने की जरूर बताई। मैती आंदोलन के प्रणेता पद्मश्री कल्याण सिंह रावत ने पर्यावरण को बचाने हेतु पौधरोपण पश्चात उसे जरूर संरक्षित रखने की आवश्यकता को बताया और रेडियो ह्लगढ़वाणीह्व द्वारा समुदाय के कौशल विकास हेतु प्रसारित कार्यकर्मों की सराहना की। रेडियों के संस्थापक मनीष भट्ट ने कहा कि रोडियों के दो वर्ष पूर्ण होने पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में जिलाधिकारी डा. आशीष चौहान, एसएसपी, जगदीश चंद्र ध्यानी, अमरेंद्र चौधरी, सुंदर सिंह चौहान, सत्य प्रकाश थपलियाल, चांद मौला बख्श, प्रणिता कंडवाल, रजनी अग्रवाल, सुनीता देवी व रंजना रावत को सम्मानित किया गया। मंच संचालन रेणु कोटनाला व पद्मेश बुडाकोटी ने किया।

शिक्षकों की कमी से जूझ रहे बीरोंखाल ब्लॉक के स्कूल

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : राज्य सरकार सुदूरवर्ती क्षेत्रों में शिक्षकों की तैनाती के दावे कर रही है, लेकिन हकीकत इसके विपरीत है। विकासखंड बीरोंखाल में गेस्ट शिक्षक होने के बावजूद भी ब्लाक में प्रवक्ताओं के 35 पद, सहायक शिक्षक के 19 पद सालों से रिक्त चल रहे हैं। जिससे स्कूलों में अध्ययनरत छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। स्थानीय लोगों ने प्रदेश सरकार से प्रवक्ताओं और सहायक पदों की नियुक्त की मांग की है।

ब्लाक प्रमुख राजेश कंडारी, जयेष्ठ प्रमुख कुलदीप नेगी ने बताया कि 12 राजकीय इंटर कालेज होने के बाद भी राइंका बीरोंखाल, राबाइंका बीरोंखाल, घोडियाना खाल, स्यूंसी, फरसाड़ी, बेदीखाल, बैजरों, भगवती तलिया, सैधार आदि विद्यालयों में प्रधानाचार्य के पद खाली चल रहे हैं। नौ हाईस्कूल थापला, पडिंडा, जिवई, घोडपाला मल्ला, डुलमोट विद्यालयों में प्रधानाचार्य के पद रिक्त हैं।

बीरोंखाल के कुणजोली में फटा बादल, दुकानें और 30 मीटर सड़क ध्वस्त

महाराज ने डीएम को दिये तत्काल राहत पहुंचाने के निर्देश

जयन्त प्रतिनिधि।

देहरादून : जनपद पौड़ी गढ़वाल के बीरोंखाल ब्लॉक क्षेत्र के अन्तर्गत कुणजोली में अचानक बादल फटने से पचराड गदेरा उफान पर आ गया गया है। बादल फटने से कुछ दुकानों के साथ-साथ लगभग 30 मीटर सड़क पूरी तरह से ध्वस्त हो गई है।

प्रदेश के कैबिनेट मंत्री और चौबट्टाखाल विधायक सतपाल महाराज ने जिलाधिकारी पौड़ी को विकासखंड बीरोंखाल के अंतर्गत कुणजोली में अचानक बादल फटने से प्रभावित हुए लोगों को तत्काल राहत पहुंचने के साथ-साथ कनेक्टिविटी बहाल करने के निर्देश दिए हैं।

चौबट्टाखाल विधानसभा के अंतर्गत विकासखंड बीरोंखाल के कुणजोली गांव में बुधवार को अचानक बादल फटने से कुछ दुकानों के साथ-साथ लगभग 30 मीटर सड़क पूरी तरह से ध्वस्त हो गई है। स्थानीय विधायक एवं प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने मामले का तुरंत संज्ञान लेते हुए जिला अधिकारी पौड़ी को प्रभावित परिवारों तक राहत पहुंचाने के साथ-साथ कनेक्टिविटी बहाल करने को कहा। महाराज के त्वरित संज्ञान लेने के बाद मौके पर राजस्व उप निरीक्षक और उनकी पूरी टीम पहुंचने के साथ ही राहत कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।

ट्राला और सूमो की टक्कर में 10 घायल, 1 रेफर

श्रीनगर गढ़वाल : ऋषिकेश-बदरीनाथ राजमार्ग पर बागवान के पास बुधवार सुबह पांच बजे एक वाहन और ट्राला ट्रक की आपसी भिड़ंत हो गई। इसमें 11 लोग घायल हो गये। कोतवाली प्रभारी कीर्तिनगर देवराज शर्मा ने बताया कि बुधवार सुबह पांच बजे करीब आकांक्षा होटल बागवान के पास वाहन और लोडेड ट्राला ट्रक की आमने-सामने जबरदस्त भिड़ंत हो गई। जिसमें वाहन में सवार 11 लोगों के घायल होने की सूचना पर उन्हें 108 एम्बुलेंस के माध्यम से बेस चिकित्सालय श्रीकोट भिजवाया गया। बेस चिकित्सालय के चिकित्सा अधीक्षक अजेय विक्रम सिंह ने बताया कि आपसी भिड़ंत में घायल 11 लोगों में से 10 लोगों की स्थिति प्राथमिक उपचार देने के बाद ठीक है, जबकि गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति को एम्स ऋषिकेश रेफर किया गया है। (एजेंसी)

उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
ई–नीलामी
• मुरादाबाद मंडल से शुरू होने वाली ट्रेनों के 03 एस.एल.आर.: 13010 (F-I), 19020 (F-I), 14314 (F-I) के पार्सल स्पेस को लीज पर 2 साल की अवधि के लिए लेने हेतु ई–नीलामी के तहत दिनांक 03.06.2024 (Timings: 10:00 am) को बोली के माध्यम से आमंत्रित की जाएगी। इसके लिए विस्तृत नियम और शर्तें वेबसाइट www.ireps.gov.in पर ही उपलब्ध हैं। 1554/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

लोकल वाहनों को जगह-जगह रोकने पर भड़की समिति

श्रीनगर गढ़वाल : अलकनंदा कमाण्डर टैक्सी समिति ने बुधवार को यात्रा सीजन में शासन-प्रशासन द्वारा जगह-जगह पर वाहन रोके जाने पर रोष व्यक्त किया है। इस संदर्भ में समिति ने पुलिस प्रशासन के माध्यम से उपजिलाधिकारी श्रीनगर नुपूर वर्मा को ज्ञापन प्रेषित किया। ज्ञापन में अलकनंदा कमाण्डर टैक्सी समिति के अध्यक्ष बीरेंद्र सिंह रावत, सचिव विक्रम सिंह गुसांई, कोषाध्यक्ष देवेंद्र मिश्रा ने कहा कि अलकनन्दा कमाण्डर टैक्सी समिति श्रीनगर से देहरादून, ऋषिकेश, हरिद्वार, उत्तरकाशी, टिहरी, घनसाली एवं लोकल कीर्तिनगर, श्रीनगर एवं ब्रांच रूटों पर संचालित होती है। साथ ही वाहन इन रुटों से श्रीनगर वापसी करते हैं। कहा कि चारधाम यात्रा को देखते हुए वाहनों को जगह-जगह रोके जाने से लोकल सवारियों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कहा कि घंटों वाहनों को रोके जाने से श्रीनगर से अपने गांव जाने के लिए समय के अभाव होने के कारण राहगीरों को रात स्टेशनों पर ही गुजारनी पड़ रही है, जिससे समिति का संचालन व्यवस्था वाधित हो रही है और ब्रांच रूटों पर वाहन उपलब्ध नहीं करवा पा रहे हैं। उन्होंने ब्रांच रूटों को समिति के वाहनों पर संचालन सुचारू रूप से संचालित किये जाने की मांग की है। (एजेंसी)

पेयजल आपूर्ति सुचारू न होने पर आंदोलन करेगी युवा कांग्रेस और एनएसयूआई

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : युवा कांग्रेस और एनएसयूआई ने बुधवार को शहर में पेयजल आपूर्ति सुचारू नहीं होने पर आक्रोश जताया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि बीते एक माह से पेयजल आपूर्ति सुचारू न होने से लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

शहरवासी एक-एक बूंद पानी को तरस रहे है। उन्होंने चेतावनी दी कि जल्द ही पेयजल आपूर्ति सुचारू नहीं होने पर आंदोलन किया जाएगा।

बुधवार को युवा कांग्रेस और एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने जल संस्थान के अफसरों को ज्ञापन देकर जल्द ही शहर में पेयजल आपूर्ति सुचारू करने की मांग उठाई। जल संस्थान के अधिशासी अभियंता कार्यालय में एनएसयूआई और युवा कांग्रेस ने ज्ञापन दिया। युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मोहित सिंह ने कहा कि बीते एक महीने से शहर में पेयजल सप्लाई सुचारू रूप से नहीं हो पा रही है। जिससे शहरवासी परेशान है। नाममात्र ही पानी की सप्लाई जल संस्थान के द्वारा की जा रही है। जनता को पानी की एक-एक बूंद के लिए भटकना पड़ रहा है।

कहा कि पानी की पूरी सप्लाई न होने के बाद भी जल संस्थान के द्वारा पानी का पूरा बिल वसूला जाता है। बिल पूरा वसूला जा रहा है तो पानी की पूर्ति भी पूर्ण रूप से की जानी चाहिए।

विद्यार्थियों ने की किचन गार्डन की निराई-गुड़ाई

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : पब्लिक इंटर कालेज सुरखेत में यूसर्क विज्ञान चेतना केंद्र इको क्लब व एनएसएस की ओर से विश्व जैव विविधता दिवस मनाया गया। इस दौरान वाटिका की सफाई व किचन गार्डन तैयार करने के साथ ही मौसमी सब्जियों की जानकारी दी गई। अभियान के दौरान विद्यार्थियों ने विद्यालय में बने किचन गार्डन की भी साफ-सफाई व निराई गुड़ाई की।

आयोजित गोष्ठी में प्रधानाचार्य पुष्कर सिंह नेगी ने कहा कि जैव विविधता का तात्पर्य पेड़-पौधों, जीव-जन्तुओं, सूक्ष्म जीवों, पर्यावरण तथा उनके बीच की अंतः क्रियाओं से निर्मित तंत्र से है। बढ़ते शहरीकरण और औद्योगिकीकरण से वनों की कटाई, वनों में आग लगने, बढ़ते प्रदूषण, ग्लोबल वार्मिंग, प्राकृतिक संसाधनों का अत्यधिक दोहन होने से धरती की जैव विविधता प्रभावित होती है। इस वर्ष विश्व जैव विविधता दिवस की थीम योजना का हिस्सा बनें निर्धारित की गयी है। इस अवसर पर विद्यालय के यूसर्क विज्ञान चेतना केंद्रों इको-क्लब और एनएसएस के द्वारा संयुक्त रूप से अभियान चलाकर किचन गार्डन में क्यारियां बनाकर उनमें मौसमी सब्जियां बोई गयी। वृक्ष वाटिका में सूखे पत्तों, खरपतवार और पिरुल को एकत्रित करके उसे नष्ट किया गया। ताकि वनाग्नि जैसी घटनाओं से वाटिका के पेड़ पौधे और उसकी जैव विविधता सुरक्षित रह सके। इस मौके पर आर्यन चौहान, लोकेश, अंकित पांथरी, कृष, प्रियांशु, विश्वजीत, सुजल, साहिल, संदेश, पिया, अंजलि, सानिया, राधिका, मनीषा, करिश्मा, आरुषि, यन्त्रिका, रोनिका आदि मौजूद रहे।

विद्यालय में बने किचन गार्डन की निराई-गुड़ाई करते विद्यार्थी

आवश्यक सूचना

मुख्यालय 9 (स्वतंत्र) पर्वतीय बिग्रेड ग्रुप जोशीमठ क्षेत्र हेतु 600 पोर्टरों के संबंधित आवश्यक सूचना

1. दिनॉक 16 मई 2024 को मुख्यालय 9 (स्वतंत्र)पर्वतीय बिग्रेड ग्रुप, जोशीमठ द्वारा 600 पोर्टरों की भर्ती के लिए दी गई विज्ञप्ति प्रकाशित की गई थी जो कि 24 मई 2024 से 28 मई 2024 को होनी थी वह सेना के किसी महत्वपूर्ण कार्य के कारण विलम्ब की गई है जो कि दिनांक 03 जून 2024 से 07 जून 2024 को की जायेगी अतः भर्ती के लिये बुलाये गये सभी रजिस्टर्ड अभ्यर्थी पहले दी गई तिथि के आगे लिखी तिथि से भर्ती के लिये आयेंगेः-

(क)	दिनॉक 24 मई 2024	-	03	जून 2024
(ख)	दिनॉक 25 मई 2024	-	04	जून 2024
(ग)	दिनॉक 26 मई 2024	-	05	जून 2024
(घ)	दिनॉक 27 मई 2024	-	06	जून 2024
(ड)	दिनॉक 28 मई 2024	-	07	जून 2024

2. सूचनार्थ हेतु।

एक नजर

अधिवक्ताओं ने की गैरसैंण में हाईकोर्ट खोलने की मांग

चमोली : बार एसोसिएशन कर्णप्रयाग के अधिवक्ताओं ने बुधवार को गैरसैंण के भराड़ीसैंण में उच्च न्यायालय स्थापित किए जाने की मांग उठाई है। एसडीएम के माध्यम से मुख्य न्यायाधीश एवं मुख्य सचिव को भेजे ज्ञापन में कहा गया कि भराड़ीसैंण प्रदेश की ग्रीष्म कालीन राजधानी है। राज्य आंदोलनकारियों की भावना को ध्यान में रखते हुए भराड़ीसैंण में उच्च न्यायालय को स्थानांतरित किया जाय। भराड़ीसैंण में हाईकोर्ट के विस्तार व अन्य निर्माण के लिये पर्याप्त भूमि उपलब्ध है। इस मौके पर एसोसिएशन के अध्यक्ष रविंद्र पुजारी, अनुज डिमरी, डीपी थपलियाल, रणबीर कंडवाल, संजय हटवाल, केपी सती, रणजीत पुंडीर, दिनेश नैनवाल, दुर्गेश भट्ट, जेपी सेमवाल, बीएस लडोला, अशोक डिमरी आदि थे। (एजेंसी)

अवैध खनन में लिप्त चार डंपर सीज

चमोली : थाना पुलिस थराली ने मंगलवार रात को अवैध खनन कर आरबीएम का परिवहन कर रहे चार वाहनों को सीज किया है। थाना प्रभारी थराली देवेंद्र कुमार पंत ने बताया कि नारायणबगड़ क्षेत्र में लंबे समय से अवैध खनन की शिकायत स्थानीय लोगों द्वारा मिल रही थी। पुलिस अधीक्षक चमोली सर्वेश कुमार द्वारा अवैध खनन पर नजर रखने के आदेश के बाद थाना पुलिस थराली ने नारायण बगड़ क्षेत्र में मंगलवार रात को अवैध खनन कर आरबीएम का परिवहन कर रहे चार डंपर पकड़े है। जिन्हें सीज कर लिया गया है। उन्होंने अवैध खनन कार्य में लगे लोगों को सख्त हिदायत दी है कि किसी भी प्रकार से अवैध खनन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अवैध खनन से सम्बन्धित रिपोर्ट उपजिलाधिकारी को प्रेषित की गई है। (एजेंसी)

जंगली जानवर फसल कर रहे बर्बाद

चमोली : गोपेश्वर नगर से तीन किलोमीटर दूर गंगोल गांव के किसान जंगली जानवरों से इस कदर परेशान हैं कि जानवरों को भगाने के लिए उन्हें रात भर जागना पड़ रहा है। रात भर थाली-कनस्तर बजाकर और मशालों की रोशनी से जंगली जानवरों को जंगल की ओर भगा रहे हैं। गंगोल गांव की सुशीला, कविता, बिंदु देवी, विश्वेवरी, संगीता ने बताया कि जंगली जानवरों से खेत फसलों को बचाने के लिए वन विभाग को कई बार शिकायत भी की। लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। गंगोल गांव में खेतों के साथ ही जंगली जानवर घर के बगीचों में आकर भी सब्जियां बर्बाद कर रहे है। काश्तकार रविंद्र सिंह, बलवंत सिंह, नरेंद्र सिंह का कहना है कि जंगली सुअर, बारहसिंगा और हिरनों की टोलियां रात में खेतों में आ रहें हैं और फसलों को पूरी तरह चौपट कर रहे हैं। (एजेंसी)

यात्रा मार्ग पर पर्याप्त ऑक्सीजन सिलेंडर और जीवन रक्षक दवा रखें

रुद्रप्रयाग : तीर्थयात्रियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा देने के लिए निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य (गढवाल) डॉ. शिखा जंगपांगी ने अस्पतालों का निरीक्षण किया। बुधवार को केदारनाथ के साथ ही जनपद यात्रा मार्ग के चिकित्सालयों, चिकित्सा राहत केंद्रों और पंजीकरण केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभागीय अधिकारियों को पैदल यात्रा मार्ग पर हर समय पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन सिलेंडर और जीवन रक्षक दवा रखते हुए प्रभावी निगरानी के निर्देश दिए। दो दिवसीय भ्रमण के दौरान स्वास्थ्य निदेशक ने जिला चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अगस्त्यमुनि, पीएचसी गुप्तकाशी, पीएचसी ऊखीमठ सहित पैदल मार्ग की समस्त चिकित्सा इकाइयों, स्क्रीनिंग प्वाइंट का निरीक्षण किया। उन्होंने चिकित्सा इकाईयों में दवा और उपकरणों की उपलब्धता, स्टॉफ तैनाती आदि महत्वपूर्ण बिंदुओं का निरीक्षण किया। उन्होंने तीर्थयात्रियों से भी बातचीत की। विभाग द्वारा दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर फीडबैक भी लिया। (एजेंसी)

पुस्तैनी हक हकूकों को सुरक्षित रखने की उठाई मांग

चमोली : जोशीमठ नगर के शीर्ष में स्थित सुनील वार्ड के लोगों ने बुधवार को उपजिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर हिमक्रीडा केन्द्र औली में उनके पुस्तैनी हकों को सुरक्षित रखने की मांग की। ज्ञापन में मूल निवासियों ने कहा कि पीढ़ियों से वे लोग औली में कास्तकारी करते आ रहे हैं लेकिन ग्रामीणों के हक हकूकों को सरकार द्वारा संरक्षित न किए जाने के कारण औली धीरे-धीरे कुरूप होने लगा है। औली बाहरी लोगों के लिए मात्र पैसे कमाने का एक जरिया बनता जा रहा है जो ठीक नहीं है। (एजेंसी)

राइंकॉ पलेठी को मिले स्मार्ट क्लास संचालन के साधन

नई टिहरी : जीआईसी पलेठी डोबल्यो देवप्रयाग को एआईटीवाईएस संस्था नई दिल्ली की ओर से स्मार्ट क्लास संचालन के लिए सभी साधन उपलब्ध कराये गए हैं।

बुधवार को संस्था ने दो स्मार्ट रूम, दो स्मार्ट टीवी, दस ग्रीन बोर्ड, 60 कुर्सी, 60 मेज, दो मार्कर बोर्ड, इनवर्टर लाइट सहित दो शौचालय प्रदान दिये हैं।

तेंदुए की चहल कदमी वाले स्थानों पर लगेगा नाईट कर्फ्यू

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : श्रीनगर क्षेत्रातंर्गत बढ़ते तेंदुए के हमले व बसावट के आस-पास बढ़ती चहलकदमी को देखते हुए जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने जिला कार्यालय स्थित एनआईसी कक्ष में वर्चुअल माध्यम से संबंधित अधिकारियों की बैठक ली। तेंदुए से संभावित खतरे से निपटने के लिए जिलाधिकारी ने वन विभाग, नगर निगम के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये हैं।

गत दिनों से श्रीनगर क्षेत्रातंर्गत डांग, उफल्डा, श्रीकोट क्षेत्र में तेंदुए की उपस्थिति व हाल ही में हुए हमलों को देखते हुए जिलाधिकारी ने डीएफओ व उपजिलाधिकारी श्रीनगर को निर्देश दिये कि तेंदुए के हमले से प्रभावित इलाके सहित तेंदुए की अक्सर उपस्थिति वालें स्थानों को चयनित करते हुए आवश्यतानुसार नाईट कर्फ्यू लगाना सुनिश्चित करें। स्पष्ट किया कि नाईट कर्फ्यू से चारधाम यात्रा प्रभावित न हो। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों को यह भी निर्देश दिये कि तेंदुए के हमले से प्रभावित क्षेत्र, असुरक्षित बसावट के आस-पास तेंदुए की गतिविधि के पैर्टन को ट्रैक करते हुए याथाशीघ्र पकड़ने की कार्यवाही में तेजी लाना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने श्रीनगर में वन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि तेंदुए जल्दी पकड़ने के लिए ट्रैप कैमरों की संख्या को बढ़ाने के साथ-साथ उसके चहलकदमी पर निगरानी बढ़ाना सुनिश्चित करें। आमजनमानस की सुरक्षा को देखते हुए जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी श्रीनगर को निर्देश दिये कि नगर निगम स्तर पर लेपर्ड मॉनिटरिंग सेल तथा संवेदनशील स्थानों पर रात्रि गश्त हेतु वन विभाग को दस अतिरिक्त पीआरडी कार्मिक व गश्ती वाहन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने नगर निगम क्षेत्रातंर्गत ऐसे स्थलों का चयन करने के निर्देश दिये हैं जहां पर स्ट्रीट डॉग्स व गोवंशीय पशु एकत्रित होते हों। बैठक में वर्चुअल माध्यम से डीएफओ स्वप्निल अनिरूद्ध, नगर आयुक्त कोटद्वार वैभव गुप्ता, उपजिलाधिकारी श्रीनगर नूपुर वर्मा, आपदा प्रबंधन अधिकारी दीपेश काला उपस्थित थे।

अफसर पार्किंग निर्माण कार्य में तेजी लाएं : डीएम

जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने बुधवार को जनपद के विभिन्न स्थानों पर निर्मित, निर्माणाधीन और प्रस्तावित मल्टी लेवल एवं सरफेस पार्किंग निर्माण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि प्रस्तावित पार्किंग निर्माण कार्यों को जल्द से जल्द पूरा किया जाए। पार्किंग स्थलों के एंट्री एवं एग्जिट पॉइंट पर डिजाइन में किसी प्रकार की खामियां न हो। इस दौरान जिलाधिकारी ने पार्किंग निर्माण हेतु चयनित भूमि, डिजाइन एवं आंगणन की गहन समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिले में मुख्यमंत्री घोषणा के तहत 16 पार्किंग का निर्माण किया जाना है। जिसमें से चार पार्किंग का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है। इसके अतिरिक्त जिला विकास प्राधिकरण के

अंतर्गत 09 पार्किंग का निर्माण किया जाना है। जिसमें एनआईडीसीएल स्तर पर 02, ग्रामीण निर्माण विभाग 01, शासन स्तर पर लंबित 03 तथा शासन स्वीकृत 03 प्रस्ताव शामिल है। सीएम घोषणा और जिला विकास प्राधिकरण को मिलाकर जनपद में कुल 25 पार्किंग निर्माणाधीन, निर्मित और प्रस्तावित है। जनपद के विभिन्न स्थानों में प्रस्तावित मल्टी लेवल और सरफेस वाहन पार्किंग से ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू होगी और सड़कों पर लगने वाले जाम से छुटकारा मिलेगा।

कठिन चुनौतियां पार कर पेयजल आपूर्ति करवा रहा जल संस्थान

जयन्त प्रतिनिधि।

रूद्रप्रयाग : श्री केदारनाथ धाम में भारी संख्या में श्रद्धालुओं का आना जारी है। पेयजल को लेकर किसी भी श्रद्धालू को कोई परेशानी एवं असुविधा न हो इसके लिए यात्रा मार्ग से लेकर केदारनाथ धाम तक जल आपूर्ति नियमित रखने के लिए कठिन परिस्थितियों को पार पाकर जल संस्थान मुस्तैदी से अपना कार्य कर रहा है। गौरीकुंड से करीब दो किलोमीटर दूर कठिन पहाड़ी एवं पगडण्डियां पार कर जल संस्थान के कर्मचारियों ने जल आपूर्ति बढ़ा दी है। अधिशासी अभियंता जल संस्थान अनीश पिल्लई ने बताया कि गौरीकुंड में घोड़े-खच्चरों के लिए बनी चरी सहित अन्य संस्थानों में पानी की कमी की शिकायत मिल रही थी। वहीं कुछ स्थान पर अवैध जल कनेक्शन की शिकायत भी मिली थी।

जल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए गौरीकुंड से 2 किलोमीटर दूर नदी पार से कठिन पहाड़ी रास्ता एवं पगडण्डियां पार कर नई पाइप लाइन एवं जल आपूर्ति की क्षमता बढ़ा दी गई है। वहीं अवैध रूप से कनेक्शन लगाने वाले 10 लोगों के कनेक्शन काट दिए गए हैं। बताया कि श्री केदारनाथ धाम यात्रा में आने वाले श्रद्धालुओं को जल आपूर्ति नियमित होती रहे इसके लिए जनपद के यात्रा रूट पर 41 टैंक टाइप स्टैंड पोस्ट, 139 पिलर टाइप स्टैंड पोस्ट, 153 हैंड पम्प उपलब्ध हैं।

बच्चों को पढ़ाते के समय गलतियों को सुधारने पर विशेष ध्यान दें

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान चड़िगांव की कार्यएिम सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में वर्ष 2023-24 में स्वीकृत योजनाओं के सापेक्ष प्रगति का विवरण व शैक्षिक सत्र 2024-25 हेतु प्रस्तावित कार्यक्रमों पर चर्चा-परिचर्चा की गई। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान चड़िगांव द्वारा 2023-24 में 57 लाख का बजट अनुमोदित हुआ था, जिसे विभिन्न प्रोग्राम, रिसर्च प्रशिक्षण, टेक्नोलॉजी सपोर्ट, वार्षिक अनुदान सहित अन्य में शतप्रतिशत बजट खर्च किया गया। वहीं वर्ष 2024-25 के लिए 72 लाख 40 हजार रखा गया है।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को कहा कि बच्चों को पढ़ाते के समय पर छोटी-छोटी गलतियों को कैसे सुधारा

जाए, इसके लिए विशेष ध्यान दें। कहा कि डेटा मैनेजमेंट तथा ऑटिफिशियल इंटेलिजेन्स जैसे विषयों को नवाचार के रूप में शामिल करते हुए युवा पीढ़ी के भविष्य में आने वाली कठिनाईयों को कम किया जा सकता है। इस बैठक से प्राप्त निष्कर्षों और सुझावों को कार्यान्वित करने के लिए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में विद्यार्थियों की शैक्षिक और सह-शैक्षिक गतिविधियों में अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के उपायों पर चर्चा भी हुई। साथ ही शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारी, डाइट के प्राचार्य, शिक्षाविद, और विभिन्न स्कूलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। सभी ने अपने-अपने सुझाव दिए और शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त की। बैठक में प्राचार्य डाइट स्वराज सिंह तोमर, जिला शिक्षाधिकारी बेसिक नागेंद्र बर्तवाल, जिला शिक्षाधिकारी माध्यमिक रणजीत सिंह नेगी सहित प्रवक्ता नारायण प्रसाद, विमल ममगांई, शालिनी भट्ट, शिवानी रावत, अनुजा मैठाणी, संगीता डोभाल व अन्य उपस्थित थे।

शूटिंग प्रतियोगिता खेल का एक अहम हिस्सा : आईजी

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : श्रीनगर में 20वीं प्रादेशिक शूटिंग प्रतियोगिता बुधवार को एसएसबी फायरिंग रेंज में शुरू हो गई है। प्रतियोगिता में जनपद पुलिस की 7, पीएसी एवं वाहिनियों की 5, एटीएस 1 कुल 13 टीमों के लगभग 150 से अधिक प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। पहले दिन आयोजित 100 गज व्यक्तिगत प्रतियोगिता में आईआरबी प्रथम के उधीर कुमार ने 46 अंक प्राप्त कर प्रथम, नीरज कुमार ने 42 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 100 गज टीम में आईआरबी प्रथम, आईआरबी द्वितीय, 200 गज व्यक्तिगत में आईआरबी द्वितीय के कमल परिहार, पिथौरागढ़ के पिताम्बर, 200 गज टीम में आईआरबी द्वितीय एवं 46 पीएसी क्रमशः पहले और दूसरे स्थान पर रहे।

बुधवार को तीन दिनों तक चलने वाली प्रतियोगिता का शुभारंभ पुलिस

महानिरीक्षक गढ़वाल परिक्षेत्र करन सिंह नगन्याल ने किया। आईजी करन सिंह नगन्याल ने सभी प्रतिभागियों को खेल को खेल भावना से प्रतिभाग करने की शपथ दिलाई। मौके पर मुख्य अतिथि आईजी करन सिंह नगन्याल ने कहा कि वेपन्स पुलिस फोर्स का एक महत्वपूर्ण अंग है व शूटिंग प्रतियोगिता खेल का एक अहम हिस्सा है। कहा कि शूटिंग प्रतियोगिता में सुरक्षा के साथ-साथ मजबूत पकड़ एवं एकाग्र मन होना चाहिए, तभी प्रतिभागी कुशल फायरर बन सकता है। कहा कि शूटिंग प्रतियोगिता में पुलिस के अच्छे शूटर आगे आयेंगे और राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाग कर उत्तराखंड पुलिस का नाम रोशन करेंगे। इस मौके पर प्रतियोगिता के सचिव वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लोकेश्वर सिंह ने कहा कि पुलिस कर्मियों को शस्त्र संचालन में कुशल होना चाहिए। कहा कि स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना जागृत रहे, इसके लिए उत्तराखण्ड पुलिस स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड द्वारा प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है।

उत्तराखण्ड पुलिस स्पोर्ट्स कन्ट्रोल बोर्ड द्वारा जारी खेलों की वार्षिक कैलेण्डर समय सारणी के अनुसार जनपद एवं वाहिनियां खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन करता है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को अपनी दक्षता, निपुणता एवं खेल भावना का परिचय देते हुए खेलों के दौरान उच्च स्तर का अनुशासन बनाये रखने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर एसपी ज्या बलूनी,अपर पुलिस अधीक्षक संचार अनूप काला, पुलिस उपाधीक्षक सदर पौड़ी अनुज कुमार,पुलिस उपाधीक्षक श्रीनगर रविन्द्र कुमार चमोली,प्रभारी निरीक्षक श्रीनगर होशियार पंखोली मौजूद थे।

एमडी विश्नोई ने हाइड्रो परिसर में लिया पीएसपी निर्माण कार्यों का जायजा

नई टिहरी : टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक आरके विश्नोई ने बुधवार को टिहरी परिसर का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने 1000 मेगावाट के पीएसपी निर्माण कार्यों का जायजा लिया। मौके पर उन्होंने पीएसपी का कार्य समय पर पूरा करने को प्रोत्साहित किया।

महाप्रबंधक प्रशासन डा. एएन त्रिपाठी ने निरीक्षण को लेकर बुधवार को जानकारी देते हुए बताया कि विश्नोई ने निरीक्षण में टिहरी बांध का दौरा कर सघन निरीक्षण किया। इस दौरान टिहरी परिसर के ईडी एलपीजोशी ने विश्नोई और वरिष्ठ अधिकारियों को विभिन्न निर्माण गतिविधियों की जानकारी दी। विश्नोई एवं तकनीकी निदेशक गुप्ता ने टिहरी पीएसपी के महत्वपूर्ण क्षेत्रों में जैसे बटरफ्लाई वाल्व, पीएससी (पेन स्टॉक असेंबली चैम्बर), ईए-7 और टीआरटी का निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के बाद विश्नोई ने अधिकारियों और हितधारकों के प्रयासों की सराहना की और उन्हें निर्धारित समय सीमा के भीतर अपेक्षित परिणाम प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया। निर्माण स्थलों के निरीक्षण के बाद विश्नोई ने समीक्षा बैठक भी ली। जिसमें निर्माण कार्यों के सभी पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। समीक्षा बैठक के दौरान विश्नोई ने उच्च गुणवत्ता मानकों को बनाए रखने और परियोजना को समय पर पूरा करने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि टिहरी पीएसपी 2030 तक राष्ट्र के 500 गीगावाट गैर-जीवाश्म ईंधन क्षमता के लक्ष्य के अनुरूप, शून्य कार्बन उत्सर्जन के साथ चौबीसों घंटे व सातों दिन सस्ती बिजली आपूर्ति करने के लक्ष्य में महत्वपूर्ण योगदान देगा। यह परियोजना टीएचडीसी की स्थायी ऊर्जा समाधान और पर्यावरणीय जिम्मेदारी के प्रति प्रतिबद्धता का उदाहरण है।

जनपद को मिली रोड स्वीपिंग मशीन की सौगात

जयन्त प्रतिनिधि।

रूद्रप्रयाग : चारधाम यात्रा में स्वच्छता व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए जनपद को रोड स्वीपिंग मशीन की सौगात मिल गयी है। मशीन कोयंबुत्तूर तमिलनाडू से मंगाई गई है, जिसका आर्डर पर्यटन विभाग की ओर से बीस दिन पहले दिया गया। मशीन के रुद्रप्रयाग शहर पहुंचने पर ट्रायल लिया गया, जो सफल रहने पर स्थानीय लोगों के साथ ही श्रद्धालुओं ने खुशी व्यक्त करते हुए डीएम सौरभ गहरवार का आभार व्यक्त किया।

रोड स्वीपिंग मशीन के रूप में रुद्रप्रयाग जनपद को एक बड़ी सौगात मिली है। चारधाम यात्रा के लिहाज से केदारनाथ धाम काफी महत्वपूर्ण है। हर साल यहां आने वाले श्रद्धालुओं की

चारधाम यात्रा में सफाई को लेकर महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी मशीन

संख्या में इजाफा हो रहा है। ऐसे में यात्रा मार्गों पर फैली गंदगी से निजात पाने के लिए रोड स्वीपिंग मशीन की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। जिलाधिकारी डॉ. सौरभ गहरवार इस कार्य के लिए लम्बे समय से प्रयासरत थे। मंगलवार देर सांय रोड स्वीपिंग मशीन के रुद्रप्रयाग शहर पहुंचने पर डीएम सौरभ गहरवार, अपर जिलाधिकारी श्याम सिंह राणा, एसडीएम आशीष घिल्डियाल एवं पर्यटन अधिकारी राहुल चैबे, ईई ग्रामीण निर्माण विभाग मीनल गुलाटी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सुशील कुरील सहित स्थानीय लोगों ने जोरदार स्वागत किया और मशीन का शुभारंभ किया, जिसके बाद मशीन का ट्रायल लिया गया।

ट्रायल के दौरान स्थानीय लोगों के साथ ही तीर्थयात्री भी मशीन को देखने को लेकर उत्सुक दिखे। मशीन का सफल ट्रायल होने के बाद डीएम डॉ. गहरवार के साथ ही स्थानीय लोगों एवं तीर्थयात्रियों ने खुशी व्यक्त की। जिला पर्यटन विकास अधिकारी राहुल चैबे ने बताया कि चारधाम यात्रा के लिहाज से केदारनाथ प्रमुख स्थल है। यहां आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या काफी ज्यादा है। भारी वाहनों का दबाव होने के साथ ही पैदल यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ भी अधिक है।

निदेशक गढ़वाल ने लिया स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा

जयन्त प्रतिनिधि।

रूद्रप्रयाग : श्री केदारनाथ धाम के श्रद्धालुओं को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने के मकसद के साथ निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य (गढवाल) डॉ. शिखा जंगपांगी ने जनपद यात्रा मार्ग के चिकित्सालयों, चिकित्सा राहत केंद्रों व पंजीकरण केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को पैदल यात्रा मार्ग पर हर समय पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन सिलेंडर व जीवन रक्षक दवा सुनिश्चिता के लिए प्रभावी निगरानी के निर्देश दिए हैं दो दिवसीय भ्रमण के तहत जनपद पहुंची स्वास्थ्य निदेशक डॉ. शिखा जंगपांगी द्वारा जिला चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अगस्त्यमुनि, पीएचसी गुप्तकाशी, पीएचसी ऊखीमठ सहित पैदल मार्ग की

समस्त चिकित्सा इकाइयों, स्क्रीनिंग प्वाइंट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने चिकित्सा इकाईयों में दवा व उपकरणों की उपलब्धता, स्टॉफ तैनाती आदि महत्वपूर्ण बिंदुओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने तीर्थ यात्रों से बातचीत कर यात्रा मार्ग पर विभाग द्वारा प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर फीडबैक भी लिया। उन्होंने अगस्त्युनि, काकड़ागाड, सोनप्रयाग में दो तथा 05 हैलीपैड पर स्थापित स्क्रीनिंग प्वाइंटों का निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्क्रीनिंग प्वाइंट पर तैनात स्वास्थ्य कर्मियों को 11 भाषाओं में स्वास्थ्य सलाह पर आधारित पंपलेट को संबंधित तीर्थ यात्री की भाषा के आधार पर उपलब्ध कराने व 50 से अधिक आयु वर्ग के तीर्थ यात्रियों का स्क्रीनिंग पंजीकरण बढाने के निर्देश दिए। साथ ही विभागीय अधिकारियों को स्क्रीनिंग बढाने के बाबत हंस फाउंडेशन के साथ प्रभावी समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए। उन्होंने पैदल मार्ग की एमआरपी में हर समय पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन सिलेंडर, ऑक्सीजन कंसंट्रेटर व जीवन रक्षक दवा की सुनिश्चिता बनाए रखने हेतु प्रबंधन पर विशेष ध्यान देने को भी निर्देशित किया।

लंबित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण कर निर्माण कार्यों को जल्द पूरा करें

जयन्त प्रतिनिधि।

चमोली : जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने बुधवार को रेल विकास निगम, बीआरओ, पिटकुल तथा एनएचआईडीसीएल के अधिकारियों की बैठक लेते हुए विकास कार्यों से जुड़े विभिन्न लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देशित किया कि तहसील एवं विभागों से समन्वय स्थापित करते हुए वन भूमि हस्तांतरण, भूमि अधिग्रहण, प्रतिकर भुगतान एवं अन्य लंबित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण किया जाए और निर्माण कार्या को जल्द से जल्द पूरा किया जाए।

जिलाधिकारी ने निर्देश किया कि रेल परियोजना के अंतर्गत लंगाली में निजी नाप भूमि से वृक्षों के पातन हेतु वन निगम के माध्यम से आंगणन उपलब्ध कराया जाए। ग्राम भट्टनगर में प्रभावित

लोगों में प्रतिकर का शीघ्र भुगतान किया जाए। रेल परियोजना के कार्यों से ग्राम रानौं में क्षतिग्रस्त संपत्तियों के पुनर्निर्माण हेतु ब्लाक से आंगणन तैयार कर क्षतिपूर्ति हेतु रेलवे को उपलब्ध करें। रेल परियोजना के मलावा निस्तारण हेतु भूमि हस्तांतरण की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर कमेडा से हेलंग तक 20 भूस्खलन क्षेत्र, 11 सिकिंग क्षेत्र का उपचार एवं दो सेतु निर्माण कार्यों हेतु भूमि अधिग्रहण के संबध में गठित समिति शीघ्र आख्या उपलब्ध दे। जोशीमठ में पिटकुल द्वारा नवीन 66 केवी उपस्थान हेतु भूमि अधिग्रहण संबधी आवश्यक कार्यवाही पूरी किया जाए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सिमली-ग्वालदम राष्ट्रीय राजमार्ग के केसरी ब्रिज, कुलसारी व मिंगगधेरा ब्रिज में आवर्ड की कार्यवाही में तेजी लाए और किलोमीटर 87 से 140 के अतंगर्त भूमि अधिग्रहण की अधिसूचना प्रकाशित की जाए। जोशीमठ-मलारी राष्ट्रीय राजमार्ग विस्तारीकरण एवं चौडीकरण हेतु संशोधित प्रस्ताव पर तहसील स्तर से त्वरित कार्रवाई की जाए। लपथल-छोजन एवं लपथल-डोबाला मोटर मार्ग के निर्माण कार्यों हेतु नंदादेवी वन प्रभाग में लंबित प्रकरण निस्तारण करें। इस दौरान विभिन्न लंबित प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की गई।

यूजीसी सचिव ने परखी श्री रघुनाथ कीर्ति परिसर की व्यवस्थाएं

नई टिहरी : यूजीसी के सचिव प्रो. मनीष आर जोशी ने बुधवार को केंद्रीय संस्कृत विवि के श्री रघुनाथ कीर्ति परिसर देवप्रयाग और गढ़वाल विवि के चौरास परिसर का भ्रमण कर व्यवस्थाएं परखीं। दोनों विवि परिसरों की प्रगति और सुविधाओं पर उन्होंने संतोष जताया।

बुधवार को प्रो. जोशी ने देवप्रयाग में गंगा स्नान के बाद श्री रघुनाथ भगवान, चंद्रवदनी और धारी देवी मंदिर के दर्शन भी किये। रघुनाथ कीर्ति परिसर निदेशक प्रो. पीवीबी सुब्रह्मण्यम ने यूजीसी सचिव प्रो. जोशी को परिसर पुस्तकालय, सभागार और प्रशासनिक भवन का भ्रमण करवाया। कुलपति प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी के साथ परिसर में छात्रों की संख्या, छात्रावास, भोजन व्यवस्था, पुस्तकालय, पाठ्यक्रम इत्यादि पर चर्चा की गई।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382—222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail:
nagendra.uniyal@gmail.com